Phone: 01250-220076
Email: jvmgrrcollege@rediffmail.com
Website: jvmgrr.org

**JANTA VIDYA MANDIR GANPAT RAI RASIWASIA COLLEGE**

(Affiliated to Ch.Bansi Lal University, Bhiwani)
(NAAC Accredited B Grade with 2.78 CGPA)
Ram Krishan Gupta Marg, CHARKHI DADRI (Haryana)

***3.3.3 & 3.3.4- Number of extension and outreach programs conducted by the institution through NSS/NCC/Red cross/YRC etc., ( including the programmes such as Swachh Bharat, AIDS awareness, Gender issues etc. and/or those organized in collaboration with industry, community and NGO)during the year***

***Reports of the event organized***



जनता कॉलेज में आयोजित कार्यक्रम में मौजूद स्टूडेंट।

# जनता कॉलेज में आजादी अमृत महोत्सव कार्यक्रम आयोजित

चरखी दादरी | जनता महाविद्यालय में आजादी के अमृत महोत्सव कार्यक्रम के तहत इतिहास विभाग द्वारा भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।भारतीय राष्ट्रीय आंदोलन में क्रांतिकारियों की भूमिका एवं पुनर्जागरण काल में समाज सुधारकों की भूमिका आदि विषय रहे। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में बच्चों ने भाग लिया। जिनमें शिवानी ने प्रथम स्थान एवं निक्कू कुमार ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम संचालन का उत्तरदायित्व तरसेम भारद्वाज ने निभाया। जनता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉक्टर यशवीर सिंह ने राष्ट्रीय आंदोलन में क्रांतिकारियों की भूमिका पर अपने विचार रखें एवं बच्चों का मार्गदर्शन किया। कार्यक्रम के सफल संचालन में प्रोफेसर सुरेंद्र सिंह, प्रोफेसर रोशनलाल, प्रोफेसर आनंद के साथ विद्यार्थियों में अंशु मेहला का विशेष योगदान रहा।

# स्वच्छता को अपने जीवन का अभिन्न अंग बनाएं: सुरेंद्र सिंह

## जनता महाविद्यालय में स्वच्छता शपथ कार्यक्रम का आयोजन

भास्कर न्यूज | चरखी दादरी



जनता महाविद्यालय में स्वच्छता को लेकर शपथ लेते स्वयं सेवक।

जनता महाविद्यालय में प्राचार्य डॉ. यशवीर सिंह के निर्देशानुसार राष्ट्रीय सेवा योजना इकाइयों के तत्वावधान में आजादी के अमृत महोत्सव कार्यक्रम के उपलक्ष्य पर स्वच्छता शपथ कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम के प्रारंभ में राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी प्रोफेसर रोशन लाल ने सभी स्वयंसेवकों को स्वच्छता की शपथ दिलाई कि सभी स्वयंसेवक स्वच्छता के प्रति सजग रहेंगे और स्वच्छ भारत अभियान में अपना सहयोग करेंगे। उनका स्वच्छता का एक कदम संपूर्ण भारत को स्वच्छ करने में कारगर साबित होगा। तत्पश्चात कार्यक्रम अधिकारी प्रोफेसर सुरेंद्र सिंह ने स्वयं सेवकों को प्रेरित करते हुए कहा कि स्वच्छता जीवन का अपरिहार्य हिस्सा है। इसके बिना स्वाभाविक रूप से एक सभ्य मानव जीवन की परिकल्पना करना एक विडंबना होगी। उन्होंने कहा कि वर्ष में कम से कम 100 घंटे स्वच्छता के लिए बिताने चाहिए ताकि हम विभिन्न प्रकार के रोगों से मुक्ति पा सकें। इसलिए स्वच्छता को अपने जीवन का अभिन्न अंग बनाएं। छात्रा इकाई के कार्यक्रम अधिकारी प्रोफेसर गरिमा श्योराण ने भी स्वयं सेवकों का मार्गदर्शन करते हुए स्वच्छता से संबंधित बहुत से पहलुओं पर प्रकाश डाला और हर स्वयंसेवक से आग्रह किया कि वह घर के साथ-साथ अपने आस-पड़ोस को भी स्वच्छ बना के रखे। कार्यक्रम के सफल संचालन में स्वयं सेवक नवरंग सैनी, आशीष कुमार, रविकांत, हिमांशु अंकिता लक्ष्मी गर्ग सरिता आदि की विशेष भूमिका रही।

15/11/2021

# भाषण प्रतियोगिता में कोमल ने पाया पहला स्थान

14.11.21



जनता कालेज में विजेता छात्रों को सम्मानित करते प्राचार्य यशवीर सिंह। ● विज्ञप्ति

जागरण संवाददाता, चरखी दादरी : दादरी के जनता पीजी महाविद्यालय में आजादी के अमृत महोत्सव के तत्वाधान में कानूनी साक्षरता प्रकोष्ठ द्वारा भाषण प्रतियोगिता तथा वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम समन्वयक प्रोफेसर सुरेंद्र सिंह ने बताया कि कानूनी साक्षरता प्रकोष्ठ के माध्यम से सामाजिक, आर्थिक, राजनीतिक प्रक्रियाओं में युवाओं की सहभागिता सुनिश्चित करने के लिए, कानूनी विषयों पर पहलुओं का ज्ञान होना अति आवश्यक है।

कार्यक्रम में भाषण प्रतियोगिता का विषय राष्ट्र निर्माण में युवाओं की भूमिका रहा, जिसमें कोमल सोनी बीए तृतीय वर्ष, मीनाक्षी बीए प्रथम वर्ष तथा विक्रम एमएससी क्रमशः प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पर रहे। इसी प्रकार वाद-विवाद प्रतियोगिता में विक्रम प्रथम, पंकज द्वितीय तथा रविकांत तृतीय स्थान पर रहे। वाद-विवाद प्रतियोगिता में मीनाक्षी प्रथम, विनीत फौगाट द्वितीय तथा हिमांशु तीसरे स्थान पर रहे। कार्यक्रम में निर्णायक की भूमिका प्रोफेसर राजेंद्र सिंह तथा प्रोफेसर प्रीति गुप्ता ने निभाई।

प्रो. रोशन लाल द्वारा कार्यक्रम का संचालन किया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए महाविद्यालय के प्राचार्य डा. यशवीर सिंह ने बताया कि साक्षरता और कानूनी साक्षरता में बहुत अधिक अंतर है। कानूनी रुप से सजगता एक ऐसा विषय है जिसको प्राप्त करके मानवता का कल्याण किया जा सकता है। कार्यक्रम को सफल बनाने में अनुष्का, प्रिया, सलोनी, लक्ष्मी इत्यादि की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

अपील

जनता कालेज में नोडल अधिकारी बोले, लड़कों से पीछे नहीं रहनी चाहिए लड़कियां

# लोकतंत्र की मजबूती के लिए मतदाता कार्ड बनवाएं विद्यार्थी

जागरण संवाददाता, चरखी दादरी : वोटर कार्ड बनवाना है, लोकतंत्र मजबूत बनाना है, अपना वोटर आइडी बनवाएं, राष्ट्रीय कर्तव्य को निभाएं, मतदाता सूची में नाम लिखवाओ मेरे यार, वोट देने का तभी मिलेगा अधिकार। ये नारे मंगलवार को दादरी जनता पीजी कालेज में छात्र-छात्राओं से वोटर लिस्ट में नाम दर्ज करवाने के लिए प्रेरित करते हुए निर्वाचन विभाग की ओर से लगवाए गए। वाणिज्य विभाग के अध्यक्ष डा. एमके जैन ने कहा कि लोकतंत्र की सफलता इसी में है कि देश का हर एक मतदाता चुनाव के दौरान वोट डाले और सही उम्मीदवार का चुनाव करे। निर्वाचन विभाग ने पुनरीक्षण अभियान के दौरान इस बात पर विशेष जोर दिया है कि एक जनवरी 2022 को जो भी विद्यार्थी 18 साल की आयु पार कर रहा है वह अपना नाम वोटर लिस्ट में अभी दर्ज करवा ले। डा. जैन ने कहा कि देश के युवाओं को लोकतंत्र की मजबूती के लिए वोट बनवाना चाहिए और वोटर लिस्ट में नाम लिखवाना चाहिए। निर्वाचन तहसीलदार राजेंद्र सिंह ने कहा कि फार्म नंबर 6 के साथ 18 साल की उम्र के छात्र-छात्राएं अपना एक रंगीन फोटो, रिहायश व जन्म प्रमाण पत्र, अपने माता-पिता या परिवार के किसी सदस्य के वोटर आइडी कार्ड की प्रति, मोबाइल नंबर देना जरूरी है। उन्होंने कहा कि पिछले शनिवार और रविवार को मतदाता सूची पुनरीक्षण के लिए चलाए विशेष अभियान के दौरान नए वोट बनवाने के लिए 1685, सूची से नाम कटवाने के लिए 527, शुद्धिकरण के लिए 380 और बूथ परिवर्तन के लिए 29 फार्म प्राप्त हुए हैं। ऐसा ही अभियान 27 व 28 नवंबर को सभी बूथों पर चलाया जाएगा। पुनरीक्षण अभियान तीस नवंबर तक जारी रहेगा। उसके बाद 20 दिसंबर तक दावे और आपत्तियों का निस्तारन किया जाएगा तथा पांच जनवरी 2022 को संशोधित मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन किया जाएगा। जनता कालेज में वोट बनवाने के लिए नियुक्त नोडल अधिकारी डा. भूपेंद्र सिंह ने कहा कि वोट बनवाने के मामले में लड़कियां लड़कों से पीछे नहीं रहनी चाहिए। मौके पर संजय एमफल, बीएलओ व कालेज स्टाफ सदस्य मौजूद रहे।



चरखी दादरी : दादरी के जनता कालेज में नये वोट बनवाने के लिए फार्म भरकर निर्वाचन अधिकारी को सौंपते छात्र, छात्राएं। ● विज्ञप्ति

Phone: 01250-220076
Email: jvmgrrcollege@rediffmail.com
Website: jvmgrr.org

**JANTA VIDYA MANDIR GANPAT RAI RASIWASIA COLLEGE**

(Affiliated to Ch.Bansi Lal University, Bhiwani)
(NAAC Accredited B Grade with 2.78 CGPA)
Ram Krishan Gupta Marg, CHARKHI DADRI (Haryana)

कार्यक्रम

जनता कॉलेज में आयोजित करवाई गई रंगोली और निबंध लेखन स्पर्धा

# रंगोली स्पर्धा में सार्थक और प्रियांश की टीम ने मारी बाजी

संवाद न्यूज एजेंसी

चरखी दादरी। उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी प्रदीप गोदारा के निर्देशानुसार जनता महाविद्यालय में मतदाता जागरूकता केंद्रित निबंध लेखन और रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

नोडल अधिकारी प्रो. भूपेंद्र सिंह ने बताया कि आगामी 25 जनवरी को आयोजित होने वाले राष्ट्रीय मतदाता दिवस के दृष्टिगत जिला प्रशासन के निर्देशानुसार ये स्पर्धाएं करवाई गईं, जिनमें आठ टीमों ने सहभागिता निभाई। रंगोली में सार्थक व प्रियांश की टीम ने प्रथम, लक्ष्मी व राहुल की टीम द्वितीय और परमीत कुमारी व निशा की टीम तृतीय स्थान पर रही।

उन्होंने बताया कि सुगम चुनाव में ...द्यौगिकी तकनीकी के प्रयोग विषय पर ...बंध लेखन प्रतियोगिता आयोजित ...रवाई गई। इसमें विक्रम ने प्रथम, आशीष ने द्वितीय और प्रीति ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। वाणिज्य विभाग अध्यक्ष डॉ. एमके जैन और प्रो. प्रीति गुप्ता ने निर्णायक मंडल की भूमिका निभाई। प्राचार्य डॉ. यशवीर सिंह ने विजेता प्रतिभागियों को सम्मानित किया।



छात्र द्वारा तैयार की गई रंगोली का अवलोकन करते निर्णायक मंडल। संवाद



जनता कॉलेज में रंगोली तैयार करते प्रतिभागी। संवाद

# खाद्य सुरक्षा केंद्रित स्पर्धा : नारायणी का पोस्टर, मनु का कोलाज सर्वश्रेष्ठ

जागरण संवाददाता, चरखी दादरी : जनता महाविद्यालय के वाणिज्य विभाग में स्थापित हाबी क्लब के तत्वावधान में खाद्य सुरक्षा केंद्रित प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। वाणिज्य विभाग के अध्यक्ष एवं मुख्य संयोजक डा. एमके जैन ने बताया कि पोस्टर बनाओ प्रतियोगिता में कुल 23 विद्यार्थियों ने भाग लिया था। जिसमें कुमारी नारायणी ने प्रथम, अर्चना ने द्वितीय तथा ममता शर्मा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कोलाज बनाओ प्रतियोगिता में कुमारी मनु ने प्रथम, अंजू ने द्वितीय तथा नैन्सी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। नारा लेखन प्रतियोगिता में कुमारी सुमन को प्रथम, साक्षी को द्वितीय तथा तनिष्का को तृतीय स्थान मिला।

निर्णायक मंडल में प्रो. प्रीति गुप्ता, प्रो. ममता यादव तथा प्रो. सनी महला ने अपनी भूमिका निभाई। प्राचार्य डा. यशवीर सिंह ने विजेताओं को पारितोषिक प्रदान कर सम्मानित किया और कहा कि यह प्रतियोगिताएं व्यक्तित्व विकास को प्रगाढ़ करती हैं। अतः विद्यार्थियों को पढ़ाई के साथ-साथ ऐसे कार्यक्रमों में भी भाग लेना चाहिए। डा. एमके जैन ने वाणिज्य शिक्षा में समाहित खाद्य सुरक्षा से संबंधित गारंटी, वारंटी के पहलुओं पर प्रकाश डाला। डा. जैन ने कहा कि खाद्य सुरक्षा के लिए जरूरी है कि भोजन सही ढंग से संग्रहित करने के साथ साथ तैयार करना और अच्छी तरह से संरक्षित करना भी जरूरी है। इस मौके पर डा. जैन ने भारत सरकार द्वारा बनाए गए उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम-2019 के प्रावधानों को भी उपभोक्ता हित के अनुकूल बताया और कहा कि खाद्य सुरक्षा और मानक अधिनियम 2006 के प्रावधानों का सख्ती से पालन करके स्वास्थ्यप्रद खाद्य की उपलब्धता को सुनिश्चित किया जा सकता है।

**प्राचार्य डा. यशवीर ने विजेताओं को पारितोषिक प्रदान कर किया सम्मानित, प्रतियोगिताएं व्यक्तित्व विकास को करती प्रगाढ़**



जनता महाविद्यालय में खाद्य सुरक्षा केंद्रित पर आयोजित पोस्टर प्रतियोगिता में भाग लेतीं छात्राएं। • विज्ञप्ति।

Phone: 01250-220076
Email: jvmgrrcollege@rediffmail.com
Website: jvmgrr.org

**JANTA VIDYA MANDIR GANPAT RAI RASIWASIA COLLEGE**

(Affiliated to Ch.Bansi Lal University, Bhiwani)
(NAAC Accredited B Grade with 2.78 CGPA)
Ram Krishan Gupta Marg, CHARKHI DADRI (Haryana)



दादरी। जागरूकता रैली निकालने वाले युवाओं को टिप्स देते सीटीएम।

# जनता कॉलेज के स्टूडेंट्स ने निकाली रैली

भास्कर न्यूज | चरखी दादरी

जनता महाविद्यालय के वाणिज्य विभाग में स्थापित 'हाबी क्लब' के सदस्यों ने 'गीता महोत्सव' के दृष्टिगत सामाजिक जागरूकता अभियान चलाया। वाणिज्य विभाग के अध्यक्ष डॉ. एमके जैन ने बताया कि जलसंरक्षण, नशामुक्ति, महिला सशक्तिकरण, घरेलू हिंसा, रक्तदान, सड़क सुरक्षा, दहेज निषेध, बाल-श्रम मुक्त समाज, केन्द्रित अभियान को नगराधीश अमित मान ने सम्बोधित किया और कहा कि ग्रामीण क्षेत्र में ऐसे आंदोलन को गतिमान बनाकर सकारात्मक परिणाम प्राप्त किए जा सकते हैं।

क्लब के सदस्यों ने गीता-महोत्सव स्थल पर विभिन्न सरकारी एवं गैर सरकारी संस्थाओं द्वारा लगाई गई आकर्षक स्टालों का भ्रमण किया। उल्लेखनीय है कि जिला प्रशासन द्वारा आयोजित तीन दिवसीय कार्यक्रम में सेमिनार सहित अनेक आकर्षक कार्यक्रम आयोजित किए गए। डॉ. एमके जैन ने गीता ग्रंथ की वर्तमान में प्रासंगिकता विषय पर सेमिनार के दौरान अपने विचार सांझा किए। कहा कि गीता ग्रंथ समाहित विचार व्यक्ति को कर्तव्य परायण बनाते है तथा आज के कारपोरेट जगत के लिए आवश्यक प्रबंधीय गुणों के विकास का आधार प्रदान करते है। हाबी क्लब के सदस्यों ने सामाजिक जागरूकता अभियान को ग्रामीण क्षेत्र तक ले जाने की शपथ ली। अभियान में कुमारी योगिता, निकिता, खुशी, रितू, शैल्जा, रितेश, लक्ष्य, सार्थक जतिन आदि क्लब सदस्यों ने सक्रिय भागीदारी की।

# वाहन चालकों को एंबुलेंस को रास्ता देने में नहीं करनी चाहिए देरीः डॉ. जैन

## जनता महाविद्यालय में 'सड़क सुरक्षा' जागरूकता अभियान का शुभारंभ

भास्कर न्यूज | चरखी दादरी



जनता महाविद्यालय में हाबी क्लब के तत्वावधान में 'सड़क सुरक्षा' जागरूकता अभियान के तहत जानकारी देते डॉ. एमके जैन।

जनता महाविद्यालय के वाणिज्य विभाग में स्थापित हाबी क्लब के तत्वावधान में 'सड़क सुरक्षा' जागरूकता अभियान का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में मुख्य संयोजक वाणिज्य विभाग के अध्यक्ष डॉ. एमके जैन ने बताया कि 'हाबी क्लब' सामाजिक जागरूकता एवं खाद्य सुरक्षा आदि विषयों को ग्रामीण क्षेत्रों तक एक अभियान के तहत गतिमान बना रहे है। कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए प्राचार्य डॉ. यशवीर सिंह ने छात्र-छात्राओं का आह्वान किया कि वे सड़क सुरक्षा, दहेज, नशा आदि विषयों पर ग्रामीण क्षेत्रों में जागरूकता फैलाए ताकि सामाजिक व्यवस्था को विकसित किया जा सके। डॉ. एमके जैन के नेतृत्व में छात्र-छात्राओं ने सरल सुरक्षा के लिए यातायात के नियमों का पालन करने की शपथ ली। डॉ. जैन ने कहा कि एक जिम्मेदार नागरिक के रूप में प्रत्येक व्यक्ति का कर्तव्य होना चाहिए कि वह किसी भी तरह जीवन की रक्षा करें। प्रत्येक वाहन चालक को एंबलेंस को रास्ता देने में देरी नहीं करनी चाहिए। कार्यक्रम में प्रो. प्रीति गुप्ता, प्रो. ममता यादव, प्रो. सनी महला, विजेन्द्र गोयल, खुशी, पारूल, मुस्कान, विपिन, प्रवीण, भावेश, हेमलता, लक्ष्मी, चिराग, ज्योति, दीपा, जतिन, सार्थक, पिंकी, गीता, आकांशा, निकिता, ओमनाथ आदि का विशेष योगदान रहा।

Phone: 01250-220076
Email: jvmgrrcollege@rediffmail.com
Website: jvmgrr.org

**JANTA VIDYA MANDIR GANPAT RAI RASIWASIA COLLEGE**

(Affiliated to Ch.Bansi Lal University, Bhiwani)
(NAAC Accredited B Grade with 2.78 CGPA)
Ram Krishan Gupta Marg, CHARKHI DADRI (Haryana)

# छात्राओं को संतुलित आहार के साथ साथ योगासन भी जरूर करने चाहिए

## जनता कॉलेज में महिला प्रकोष्ठ ने व्याख्यान का किया आयोजन



जनता कॉलेज में महिला प्रकोष्ठ द्वारा आयोजित व्याख्यान में मौजूद विद्यार्थी।

भास्कर न्यूज|चरखी दादरी

नता कॉलेज में महिला प्रकोष्ठ व बेटी बचाओ बेटी ढ़ाओ स्कीम के अंतर्गत जेड महिलाओं में स्वास्थ्य संबंधी मस्याएं जेड विषय पर व्याख्यान का आयोजन किया या। इस अवसर पर मुख्य वक्ता के रूप में डॉ. स्वाति नफ्लैग अस्पताल ने शिरकत की। डॉ. स्वाति ने बताया आज के परिवेश में हमारे बदलते खानपान तथा रहन हन के कारण महिलाओं में महावारी की गड़बड़ी, हार्मोंस संतुलन, अंडाशय में गांठ तथा कैंसर के मामले बढ़ते जा रहे है। इन बीमारियों में महिलाएं किसी से खुलकर बात नहीं कर पाने के कारण शारीरिक तथा मानसिक परेशानियों से जूझती रहती है। डॉ. स्वाति ने विस्तार से इस विषय पर प्रकाश डाला तथा छात्राओं ने भी प्रश्न पूछकर अपनी जिज्ञासाओं को शांत किया। उन्होंने छात्राओं को संतुलित आहार के साथ साथ योगासन तथा व्यायाम को भी अपनी जीवन शैली में अपनाने पर जोर दिया। इस अवसर पर मंच संचालन डॉ. सुशीला सैनी द्वारा किया गया। इस अवसर पर डॉ. पीके अग्रवाल, प्रो. जयवीर, प्रो. गरिमा, प्रो. हेमलता, प्रो. ममता, प्रो. सोनू आदि उपस्थित रहे।

# जनता पीजी कालेज के विद्यार्थियों ने शुरू किया सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान

जागरण संवाददाता, चरखी दादरी : दादरी जनता पीजी कालेज के वाणिज्य विभाग में स्थापित हाबी क्लब के तत्वावधान में मंगलवार को सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान का शुभारंभ किया गया। मुख्य संयोजक वाणिज्य विभाग के अध्यक्ष डा. एमके जैन ने कहा कि चौ. बंसीलाल विश्वविद्यालय भिवानी के दिशा-निर्देशों के तहत हाबी क्लब सामाजिक जागरूकता एवं खाद्य सुरक्षा विषयों को लेकर ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों को जागरूक कर रहा है।

कालेज प्राचार्य डा. यशवीर सिंह ने छात्र, छात्राओं का आह्वान किया कि वे सड़क सुरक्षा, दहेज, नशा इत्यादि विषयों पर ग्रामीण क्षेत्रों में जागरूकता फैलाएं ताकि सामाजिक व्यवस्था को



जनता कालेज में सड़क सुरक्षा नियमों के बारे में बताते डा. एमके जैन। • विज्ञप्ति।

सुरक्षा के लिए यातायात के नियमों का पालन करने की शपथ ली।

डा. जैन ने कहा कि बदलते मौसम में धुंध एवं कोहरे के दृष्टिगत वाहनों की गति सीमा में ही रखनी चाहिए तथा दुपहिया वाहनों के चालकों को हेलमेट का प्रयोग करना चाहिए। इसके साथ ही प्रदूषण, बीमा,

रास्ता देने में देरी नहीं करनी चाहिए। वाहन चालकों को नशे की लत से दूर रहना चाहिए। कार्यक्रम में प्रो. प्रीति गुप्ता, प्रो. ममता यादव, प्रो. सन्नी महला, विजेंद्र गोयल, खुशी, पारुल, मुस्कान, विपिन, प्रवीन, भावेश, हेमलता, लक्ष्मी, चिराग, ज्योति, दीपा, जतिन, सार्थक, पिंकी, गीता, आकांक्षा, निकिता, ओमनाथ, अंशुल

Phone: 01250-220076
Email: jvmgrrcollege@rediffmail.com
Website: jvmgrr.org

**JANTA VIDYA MANDIR GANPAT RAI RASIWASIA COLLEGE**

(Affiliated to Ch.Bansi Lal University, Bhiwani)
(NAAC Accredited B Grade with 2.78 CGPA)
Ram Krishan Gupta Marg, CHARKHI DADRI (Haryana)

## छात्राओं ने रैली निकाल स्वच्छता का दिया संदेश



चेतना रैली निकालती जनता कालेज की छात्राएं। ● विज्ञप्ति।

चरखी दादरी : बुधवार को शंकर कालोनी स्थित डालमिया ग्लोबल किड्स स्कूल में जनता पीजी कालेज की इकाई तीन के सात दिवसीय वार्षिक शिविर का शुभारंभ किया गया। शिविर के प्रात: कालीन सत्र में कार्यक्रम अधिकारी प्रो. गरीमा श्योराण के नेतृत्व में स्वयंसेविकाओं को परिचय देने की कला से अवगत कराया। सायंकालीन सत्र में नारा लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए स्वयंसेविका नेहा ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। इसके बाद स्वयंसेविकाओं ने कहा कि स्वच्छता पर रैली निकालकर शहर वासियों को जागरूक किया। स्वच्छता जागरूकत रैली के दौरान स्वयं सेविकाओं ने लोगों को नारों के साथ स्वच्छता बनाए रखने की अपील की। शिविर में प्रो. गरीमा श्योराण ने राष्ट्रीय सेवा योजना के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि विद्यार्थी राष्ट्रीय सेवा योजना से जुड़कर पढ़ाई के साथ-साथ सामाजिक कार्यों को करते हुए व्यक्तित्व का विकास कर सकते हैं।

## वातावरण में रोग निरोधक शक्ति का विकास करता है हवन: देवी

भास्कर न्यूज | चरखी दादरी

श्री बालानाथ योग आश्रम आदमपुर दाढ़ी में जनता महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाइयों के तत्वाधान में आयोजित शिविर के दूसरे दिन प्रातः कालीन गतिविधियों की शुरुआत हवन यज्ञ कार्यक्रम से की गई।

राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी प्रोफेसर रोशनलाल ने बताया कि प्रातः कालीन सत्र में सर्वप्रथम स्वयं सेवकों द्वारा आचार्य देवी सिंह के निर्देशन में हवन यज्ञ कार्यक्रम का आयोजन किया। आचार्य देवी सिंह ने कहा कि यज्ञ संसार का सर्वोत्तम कर्म है, क्योंकि इससे पर्यावरण की पूर्ण शुद्धता होती है। यज्ञ वातावरण में रोग निरोधक शक्ति का विकास करता है। यज्ञ मनुष्य को आध्यात्मिकता से जोड़ता है तथा सामूहिक क्रम शक्ति का विकास करने में सार्थक भूमिका निभाता है। यज्ञ ऐसी अनूठी प्रक्रिया है जो समस्त मानवता का कल्याण करने में सक्षम है। कार्यक्रम अधिकारी प्रोफेसर सुरेंद्र सिंह के नेतृत्व में स्वयंसेवकों ने 'राष्ट्र निर्माण में युवाओं की भूमिका' विषय पर खुलकर अपने विचार व्यक्त किए। नवरंग सैनी ने विलक्षण प्रतिभा संपन्न युवाओं को विदेशों की बजाये अपने ही देश में काम करने की उपयोगिता पर बल दिया। अंकुश ने चरित्र निर्माण को राष्ट्रीय निर्माण के लिए आवश्यक बताया। शिविर में स्वयं सेवक भूषण, चांद, पुनीत, दीपक, हिमांशु ,साजिद, रविकांत ध्रुव, अंकित, आकाश, सुनील राहुल, नीरज, प्रीतम, पंकज अजय, नवीन, अंकुश आदि की विशेष भूमिका रही।



श्री बालानाथ योग आश्रम आदमपुर दाढ़ी में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाईयों के शिविर में हवन के दौरान मौजूद स्वयं सेवक।

Phone: 01250-220076
Email: jvmgrrcollege@rediffmail.com
Website: jvmgrr.org

**JANTA VIDYA MANDIR GANPAT RAI RASIWASIA COLLEGE**

(Affiliated to Ch.Bansi Lal University, Bhiwani)
(NAAC Accredited B Grade with 2.78 CGPA)
Ram Krishan Gupta Marg, CHARKHI DADRI (Haryana)

# नारा लेखन प्रतियोगिता में नेहा रही प्रथम स्थान पर



शहर में जागरूकता रैली निकालते जनता कॉलेज महिला विंग एनएसएस इकाई की छात्राएं।

भास्कर न्यूज | चरखी दादरी

बुधवार को शंकर कालोनी स्थित डालमिया ग्लोबल किड्स स्कूल में जनता पीजी कॉलेज की इकाई तीन के सात दिवसीय विशेष वार्षिक शिविर का शुभारंभ किया गया। शिविर के प्रातः कालीन सत्र में कार्यक्रम अधिकारी प्रोफेसर गरिमा श्योराण के नेतृत्व में स्वयंसेविकाओं को परिचय देने की कला से अवगत कराया। सांयकालीन सत्र में नारा लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए स्वयंसेविका नेहा नें प्रथम स्थान प्राप्त किया। इसके बाद स्वंय सेविकाओं ने कहा कि स्वस्छता पर रैली निकालकर शहर वासियों को जागरूक किया। इस दौरान स्वयं सेविकाएं शिविर स्थल से लेकर विभिन्न शहर के विभिन्न चौक चौराहों से होते हुए बस स्टैंड तक पहुंची। स्वच्छता जागरूकता रैली के दौरान स्वयं सेविकाओं ने लोगों को नारों के साथ स्वच्छता बनाए रखने की अपील की। शिविर के दौरान कार्यक्रम अधिकारी प्रो. गरिमा श्योराण ने राष्ट्रीय सेवा योजना के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि विद्यार्थी राष्ट्रीय सेवा योजना से जुड़कर पढ़ाई के साथ-साथ सामाजिक कार्यों को करते हुए व्यक्तित्व का विकास कर सकते हैं। उन्होंने शिविर के बेहतरीन प्रबंध के लिए स्कूल प्रबंधक नितिन व रोशनी का धन्यवाद किया।

# वार्षिक शिविर में कॉलेज स्टूडेंट्स को अनुशासन का पाठ पढ़ाया

भास्कर न्यूज | चरखी दादरी

जनता महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा इकाइयों के तत्वावधान में सात दिवसीय विशेष वार्षिक शिविर का उद्घाटन श्री बाला नाथ योगआश्रम आदमपुर दाढ़ी में हुआ। कार्यक्रम अधिकारी प्रोफेसर रोशनलाल तथा प्रोफेसर सुरेंद्र सिंह ने बताया कि कार्यक्रम की शुरुआत लता मंगेशकर को श्रद्धांजलि अर्पित करने के बाद हुई। सभी ने 2 मिनट का मौन रखा तथा उनको श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि कलाली सरपंच राजपाल ने स्वयं सेवकों का मार्गदर्शन किया।

उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयं सेवक समाज व राष्ट्र निर्माण में निर्णायक भूमिका निभाते हैं। इसी प्रकार विशिष्ट अतिथि के रुप में बोलते हुए आईटीआई कलाली के इंस्ट्रक्टर जयपाल सिंह ने विद्यार्थियों को अनुशासन का पाठ पढ़ाया। ऐसे उपलक्ष्य में उन्होंने व्यक्तित्व विकास के लिए किए जाने वाले कार्य में राष्ट्रीय सेवा योजना की भूमिका को सराहा। बबल सिंह आईटीआई इंस्ट्रक्टर ने विद्यार्थियों का मार्गदर्शन करते अनुशासन की कटिबद्ध और जीवन की अनिवार्यता बताया। नरेश कुमार ने भजन के माध्यम से विद्यार्थियों को शिक्षापरक व्याख्यान से लाभान्वित किया।



श्री बाला नाथ योगआश्रम आदमपुर दाढ़ी में जनता महाविद्यालय के एनएसएस शिविर को शुभारंभ पर मौजूद अतिथिगण।

स्वयंसेवकों ने सात दिवसीय विशेष वार्षिक शिविर में व्यक्तित्व निर्माण के कटिबद्ध में अपनी सहभागिता दर्ज करने की। कार्यक्रम में आचार्य देवी सिंह ने अपने अध्याक्षीय उद्बोधन में विद्यार्थियों को सामाजिक, आर्थिक, राजनीतिक, शारीरिक, मानसिक उत्थान करने में सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित करने की बात कही। उन्होंने क... कि मानव जीवन एक अमूल्य ... है। संध्या कालीन सत्र में प्राचा... डॉ. यशवीर सिंह ने स्वयंसेव... का मार्गदर्शन करते हुए कहा ... राष्ट्रीय सेवा योजना के द्वारा ... केवल व्यक्तित्व का विकास कि... जा सकता है बल्कि यह समाज ... राष्ट्र की अपरिहार्यता है जिस... सुनिश्चित करके राष्ट्र को नई दि... दी जा सकती है। कार्यक्रम के सफ... संचालन में स्वयंसेवक नवरंग सै... आशीष, हिमांशु, नीरज, रविक... कृष्ण, दीपक कुमार, सुनील कु... अंकुश कुमार पुनीत, अंकित ... की विशेष भूमिका रही।

Phone: 01250-220076
Email: jvmgrrcollege@rediffmail.com
Website: jvmgrr.org

**JANTA VIDYA MANDIR GANPAT RAI RASIWASIA COLLEGE**

(Affiliated to Ch.Bansi Lal University, Bhiwani)
(NAAC Accredited B Grade with 2.78 CGPA)
Ram Krishan Gupta Marg, CHARKHI DADRI (Haryana)

## आदमपुर के बालानाथ आश्रम में लगा एनएसएस शिविर

हरिभूमि न्यूज >> भिवानी

मानसिक व शारीरिक रूप से स्वस्थ व सशक्त युवा ही समाज का नवनिर्माण कर सकता है यह तभी संभव है जब हम आध्यात्मिक, मानवीय व नैतिक मूल्यों को जीवन का अभिन्न अंग बनाएं।

यह उद्गार जनता महाविद्यालय द्वारा गांव आदमपुर डाढी के बालानाथ योगा आश्रम में चल रहे राष्ट्रीय सेवा योजना के साप्ताहिक शिविर में स्वयं सेवकों संबोधित करते हुए राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी वसुधा बहन ने व्यक्त किए। उन्होंने कहा युवा अपनी मानसिक और

## जीवन को विचारों क

शारीरिक शक्ति को सकारात्मक रूप से प्रयोग करें तो वह असंभव कार्य को संभव कर दिखा सकता है क्योंकि हमारे विचार जितने श्रेष्ठ और सकारात्मक होंगे उतना ही हमारे अंदर आत्मविश्वास बढ़ेगा जो सफलता की सीढ़ी है।

ब्रह्माकुमारी वसुधा बहन ने युवाओं को कहा कि यह मानव जीवन एक अनमोल उपहार है सफलतापूर्वक सुख शांति से जीवन जीना भी एक कला है। आज चारों ओर अशांति, दुख व चिंता का माहौल है। ऐसे में हर कोई सुख, शांति खुशी से जीवन जीने की कला सीखना चाहता है।

12/2

## भाषण स्पर्धा में स्वयंसेवक अंकुर ने मारी बाजी

### जनता महाविद्यालय के स्वयंसेवकों का आदमपुर डाढ़ी योगाश्रम में एनएसएस शिविर आयोजित, हुई कई प्रतियोगिताएं

संवाद न्यूज एजेंसी

झोझूकलां। आदमपुर डाढ़ी स्थित श्री बालानाथ योगाश्रम में जनता महाविद्यालय की ओर से वीरवार को एनएसएस शिविर आयोजित किया गया। शिविर के तीसरे दिन की शुरुआत योग अभ्यास की क्रियाओं से हुई। राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी प्रोफेसर रोशन लाल ने बताया कि आचार्य देवी सिंह ने स्वयंसेवकों को योगाभ्यास करवाया और इसके फायदों की जानकारी दी। शिविर के तीसरे दिन भाषण स्पर्धा आयोजित की गई, जिसमें स्वयंसेवक अंकुर ने पहला, राहुल ने दूसरा और रविकांत ने तीसरा स्थान हासिल किया।

प्रो. सुरेंद्र सिंह ने कहा कि युवा को संयमशील जीवन जीने के लिए योग को दिनचर्या का हिस्सा बनाना चाहिए और शुद्ध व सात्विक भोजन का सेवन करना चाहिए ताकि उनका आध्यात्मिक और सर्वांगीण विकास हो सके। स्वयंसेवकों ने इस मौके पर सूर्य नमस्कार का भी अभ्यास किया। शिविर में रामचंद्र पुनिया ने स्वयंसेवकों का मार्गदर्शन करते हुए विभिन्न प्रकार के रोजगार परक पाठ्यक्रम और कोर्सेज की जानकारी प्रदान की। उन्होंने स्वयंसेवकों से कहा कि विभिन्न प्रकार के तकनीकी कोर्सेज करके अच्छे पैकेज हासिल किए जा सकते हैं। शिविर में खुले मंच के तहत विभिन्न विषय जैसे डिजिटल इंडिया, नशा मुक्त भारत में युवाओं की भूमिका और पर्यावरण संरक्षण जैसे ज्वलंत विषयों पर विचार व्यक्त किए गए, जिनमें स्वयंसेवक कृष्ण ने कहा कि पॉलीथिन का कम से कम प्रयोग किया जाए। स्वयंसेवक नीरज ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण के लिए कर्तव्य का पालन करें। पंकज ने कहा कि प्राकृतिक संसाधनों का समुचित प्रयोग करने से पर्यावरण संरक्षण संभव है। स्वयंसेवकों ने कूड़े के उचित निस्तारण, पराली जलाने पर रोक, नदियों के अंदर फैक्ट्रियों का गंदा पानी न छोड़ने और विचारों की शुद्धता से पर्यावरण संरक्षण संभव आदि विषयों पर विचार रखकर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। शिविर में स्वयंसेवक नवरंग सैनी, दीपक कुमार, पुनीत कुमार, पंकज कुमार, नीरज, नवीन, अंकुर, सचिन, साहिल, ध्रुव, राहुल, सुनील, रविकांत आदि की विशेष भूमिका रही।



आदमपुर डाढ़ी स्थित श्री बालानाथ योगाश्रम में सूर्य नमस्कार करते स्वयंसेवक। संवाद

Phone: 01250-220076
Email: jvmgrrcollege@rediffmail.com
Website: jvmgrr.org





जनता महाविद्यालय में स्वयं सेविकाओं को संबोधित करते प्रो. कमल नयन।

# कविता में सुशीला रही प्रथम

## कविता और गायन प्रतियोगिता का आयोजन

**चरखी दादरी|** शंकर कॉलोनी स्थित डालमिया ग्लोबल किड्स स्कूल में चल रहा जनता महाविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना का सात दिवसीय विशेष वार्षिक शिविर पांचवें दिन भी जारी रहा। प्रातः कालीन सत्र में कविता व गायन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में निर्णायक मंडल के रूप में महाविद्यालय से सेवानिवृत्त प्रो. कमल नयन व कार्यक्रम अधिकारी प्रोफेसर गरिमा श्योराण ने भूमिका निभाई। प्रतियोगिता में छात्रा सुशीला ने प्रथम, नीलम व श्वेता ने द्वितीय तथा शीतल ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इस दौरान सेवानिवृत्त प्रोफेसर कमल नैन द्वारा छात्राओं के साथ व्यक्तित्व विकास के लिए जरूरी विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा की। सांय कालीन स्तर में दंत चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें दंत चिकित्सक डा. कोमल राणा पहुंची, जिन्होंने छात्राओं को दांतों को ठीक रखने संबंधी टिप्स तथा शिविर में पहुंची छात्राओं के दांतों की जांच की।

14/2

# युवा अपनी मानसिक और शारीरिक शक्ति का सकारात्मक प्रयोग करें

## बालानाथ योगा आश्रम में चल रहा राष्ट्रीय सेवा योजना के साप्ताहिक शिविर

भास्कर न्यूज | चरखी दादरी



जनता कॉलेज के स्वयं सेवकों को संबोधित करतीं बसुधा बहन।

मानसिक व शारीरिक रूप से स्वस्थ व सशक्त युवा ही समाज का नवनिर्माण कर सकता है यह तभी संभव है जब हम आध्यात्मिक, मानवीय व नैतिक मूल्यों को जीवन का अभिन्न अंग बनाएं। यह उद्गार जनता महाविद्यालय द्वारा गांव आदमपुर डाढी के बालानाथ योगा आश्रम में चल रहे राष्ट्रीय सेवा योजना के साप्ताहिक शिविर को संबोधित करते हुए ब्रह्माकुमारी वसुधा बहन ने व्यक्त किए।

उन्होंने कहा युवा अपनी मानसिक और शारीरिक शक्ति को सकारात्मक रूप से प्रयोग करें तो वह असंभव कार्य को संभव कर दिखा सकता है क्योंकि हमारे विचार जितने श्रेष्ठ और सकारात्मक होंगे उतना ही हमारे अंदर आत्मविश्वास बढ़ेगा जो सफलता की सीढ़ी है। वसुधा बहन ने युवाओं को कहा की यह मानव जीवन एक अनमोल उपहार है सफलतापूर्वक सुख शांति से जीवन जीना भी एक कला है।

ज्योति बहन ने कहा कि व्यक्तित्व विकास हर एक मानव के जीवन में अत्यंत आवश्यक है। इससे हम केवल शारीरिक या भौतिक समृद्धि को न देखे बल्कि अध्यात्मिकता व सकारात्मकता इसके ऐसे पहलू है जिन्हें अनपाए बिना व्यक्तित्व विकास बेमायने हैं। क्योंकि इन्हीं मार्गों पर चलते हुए हम सही मायने में एक मानव बनते है, जिसका हृदय समाज व सृष्टि के प्रति दया, करूणा तथा प्रकृति के प्रति आभार से भरा रहता है। ब्रह्माकुमार अशोक शर्मा ने कहा कि मेडिटेशन का नियमित अभ्यास हमारे कार्य क्षमता में वृद्धि करता है, क्योंकि इसके जरिए हम मानसिक विकारों को अपने से दूर करने में सक्षम बनते हैं, जो कि आखिरकार हमे अवसाद तनाव से छुटकारा दिलाता है औ[illegible] कार्यवृद्धि में सहायक है। कार्यक्रम अधिकारी प्रोफेसर रोशन लाल [illegible] सुरेन्द्र सिंह ने ब्रह्माकुमारी संस्था [illegible] सदस्यों का आभार व्यक्त किय[illegible] योगाश्रम संचालक देवी सिंह ने क[illegible] कि महान विभूतियों का सानि[illegible] सौभाग्य से मिलता है, युवा [illegible] अवसर का भरपूर लाभ ले।

Phone: 01250-220076
Email: jvmgrrcollege@rediffmail.com
Website: jvmgrr.org

**JANTA VIDYA MANDIR GANPAT RAI RASIWASIA COLLEGE**

(Affiliated to Ch.Bansi Lal University, Bhiwani)
(NAAC Accredited B Grade with 2.78 CGPA)
Ram Krishan Gupta Marg, CHARKHI DADRI (Haryana)

## दंत चिकित्सा शिविर आयोजित, छात्राओं ने गायन में दिखाई प्रतिभा



एनएसएस शिविर के दौरान स्वयं सेवकों के दांतों की जांच करती दंत चिकित्सक डा. कोमल राणा। • विज्ञप्ति।

चरखी दादरी : चरखी दादरी नगर की शंकर कालोनी स्थित डालमिया ग्लोबल किड्स स्कूल में चल रहा जनता पीजी कालेज के राष्ट्रीय सेवा योजना का सात दिवसीय विशेष वार्षिक शिविर पांचवें दिन भी जारी रहा। शिविर के पांचवें दिन प्रातः कालीन सत्र में कविता व गायन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें सभी स्वयंसेविकाओं ने भाग लिया। प्रतियोगिता में निर्णायक मंडल के रूप में जनता पीजी कालेज से सेवानिवृत्त प्रो. कमल नयन व कार्यक्रम अधिकारी प्रो. गरिमा श्योराण ने भूमिका निभाई। प्रतियोगिता में छात्रा सुशीला ने प्रथम, नीलम व श्वेता ने द्वितीय तथा शीतल ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्रो. कमल नैन द्वारा छात्राओं के साथ व्यक्तित्व विकास के लिए जरूरी विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा की। सायं कालीन स्तर में निशुल्क दंत चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें रोहतक से दंत चिकित्सक डा. कोमल राणा ने छात्रों के दांतों की जांच की। इस दौरान लक्ष्मी, अंकिता, निकिता, पूजा, वाणी, नीतिका, ज्योति, श्वेता उपस्थित रही। (जासं)

## स्वयं सेवकों ने श्रमदान कर बालानाथ योगाश्रम परिसर

जागरण 15/2

आदमपुर डाढ़ी स्थित श्री बालानाथ योगाश्रम में आयोजित दादरी के जनता पीजी कालेज के सात दिवसीय वार्षिक शिविर की गतिविधियों की शुरुआत योगाभ्यास, यज्ञ तथा स्वच्छता अभियान से की गई। कार्यक्रम अधिकारी प्रो. रोशनलाल, प्रो. सुरेंद्र सिंह ने बताया कि सर्वप्रथम स्वयंसेवकों ने आश्रम के प्रांगण की साफ सफाई में श्रमदान किया। प्रातः कालीन सत्र में आर्यन कोचिंग सेंटर दादरी के निदेशक रविंद्र सांगवान ने विद्यार्थियों को प्रतिस्पर्धात्मक प्रतियोगिताओं की तैयारी के लिए एक ओजस्वी व्याख्यान दिया।

शिविर में उन्होंने विद्यार्थियों को वर्तमान युग में आने वाली प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी में कोचिंग सेंटरों द्वारा दी जाने वाली अत्याधुनिक क्रियाशीलता तथा सृजनात्मकता से परिपूर्ण पाठ्य सामग्री का उल्लेख किया। इसके बाद राजेंद्र सिंह निहालगढ़ ने विद्यार्थियों को बताया कि वह राजस्थान की सिरोही गांव के उन क्षेत्रों में दो स्कूल पाठशाला संचालित कर रहे हैं जिनको सरकार ने भी दरकिनार कर रखा था। पहाड़ी क्षेत्रों में रहने वाले आदिवासी बहुल क्षेत्रों में दो पाठशाला में संचालित करके राष्ट्र निर्माण में बखूबी निर्णायक भूमिका निभा रहे हैं। इसी कड़ी में ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय से सुनील कुमार ने स्वयंसेवकों का मार्गदर्शन करते हुए कहा कि चरित्र निर्माण में आध्यात्मिकता का बहुत अधिक योगदान है। इसलिए नैतिक बने पवित्र बने और सब अच्छे विचारों को अपनाकर जीवन को साकार करें, जो कि राष्ट्रीय सेवा योजना का विशेष उद्देश्य है। इसके बाद शिविर के सायंकालीन सत्र में योगानंद स्वामी ने राष्ट्र निर्माण में उन लोगों के योगदान की सराहना की जो तपस्वी, योगाचार्य बनकर राष्ट्र सेवा में निर्णायक भूमिका निभा रहे हैं।



गांव आदमपुर डाढ़ी में आयोजित शिविर में स्वयं सेवकों को संबोधित करते वक्ता। • विज्ञप्ति।

सात दिवसीय शिविर में आयोजित विभिन्न क्रीडात्मक गतिविधियों में लंबीकूद में वासुदेव प्रथम, कृष्ण, द्वितीय और दीपक ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। ऊंची कूद प्रतियोगिता में वासुदेव, दीपक, प्रीतम ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान प्राप्त किया। शिविर में स्वयंसेवक नवरंग सैनी, दीपक कुमार, कृष्ण, अंकुर, वीर सिंह, उमेश, आशीष, हिमांशु, सुनील, रितिक सहित आदि प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

Phone: 01250-220076
Email: jvmgrrcollege@rediffmail.com
Website: jvmgrr.org

**JANTA VIDYA MANDIR GANPAT RAI RASIWASIA COLLEGE**

(Affiliated to Ch.Bansi Lal University, Bhiwani)
(NAAC Accredited B Grade with 2.78 CGPA)
Ram Krishan Gupta Marg, CHARKHI DADRI (Haryana)

आयोजन — जनता महाविद्यालय के सात दिवसीय विशेष वार्षिक शिविर में योगाभ्यास व वाद-विवाद प्रतियोगिता करवाई

अमर उजाला 15/2

# वाद-विवाद में प्रीतम व त्वरित ज्ञान स्पर्धा में अंकुर प्रथम

संवाद न्यूज एजेंसी

चरखी दादरी। बालानाथ योग आश्रम आदमपुर दाढ़ी में आयोजित स्थानीय जनता महाविद्यालय के सात दिवसीय विशेष वार्षिक शिविर में योगाभ्यास व हवन किया गया। वाद-विवाद प्रतियोगिता में प्रीतम प्रथम रहा।



एनएसएस कैंप में स्वयंसेवकों को जानकारी देते हुए। संवाद

राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी प्रो. रोशनलाल ने बताया कि शिविर में विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम और गतिविधियां कराई गईं। प्रारंभिक सत्र में राजकीय महिला महाविद्यालय बाढड़ा से राजनीति शास्त्र प्राध्यापक प्रो. जितेंद्र सिंह ने स्वयंसेवकों को आगाह करते हुए बताया कि वर्तमान समय में अनुशासनहीनता, घृणा, द्वेष एवं प्रतिशोध की भावना बढ़ती जा रही है जो समाज के लिए नकारात्मक ऊर्जा का कार्य कर रही है। स्वयंसेवकों का यह उत्तरदायित्व बनता है कि सामाजिक उत्थान में अपनी निर्णायक भूमिका निभाएं। उन्होंने विद्यार्थियों को अथक परिश्रम करते हुए मंजिल तक पहुंचने का आह्वान किया। सामाजिक कार्यकर्ता एवं शिक्षक बिशन सिंह आर्य ने संस्कृति के बारे में व्याख्यान दिया। स्वयंसेवकों को चरित्र निर्माण कर राष्ट्र निर्माण में अपना योगदान देने के लिए हमेशा तत्पर रहना चाहिए। बिशन सिंह ने कहा कि श्रेष्ठ व्यक्तित्व का निर्माण करके समाज और राष्ट्र को नई दिशा व दशा प्रदान करने का कार्य करें।

कार्यक्रम अधिकारी प्रो. सुरेंद्र सिंह की देखरेख में वाद-विवाद प्रतियोगिता आयोजित की गई प्रतियोगिता के पक्ष में प्रीतम, पुनित व ऋतिक ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय, व तृतीय स्थान प्राप्त किया। विपक्ष में साजिद प्रथम, अंकुर दूसरे व पंकज ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। त्वरित ज्ञान प्रतियोगिता में अंकुर कुमार, साजिद व पंकज कुमार ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त किया। पुनीत और अंकित को सांत्वना पुरस्कार दिया गया।

तत्पश्चात महिला महाविद्यालय झोझू कलां से प्राध्यापक प्रो. सुदेश पूनिया व प्रो. पूनम ने विद्यार्थियों का मार्गदर्शन करते हुए अनुशासन को एनएसएस के लिए अति आवश्यक बताया । पूनम ने बताया कि एनएसएस ऐसा प्लेटफार्म है जिसके तहत युवाओं में सामाजिकता बढ़ती है और व्यक्तित्व विकास होता है। शिविर में स्वयंसेवक नवरंग सैनी अंकुर दीपक कुमार, पंकज कुमार, रविकांत, तुषार, विक्रम, पुनीत, हिमांशु, साजिद आदि की विशेष भूमिका रही।

15/2

# चरित्र और राष्ट्र निर्माण में योगदान देने को तत्पर रहते हैं स्वयंसेवक

## श्री बाला नाथ योग आश्रम आदमपुर दाढ़ी में सात दिवसीय विशेष वार्षिक शिविर शुरू

भास्कर न्यूज | चरखी दादरी

श्री बाला नाथ योग आश्रम आदमपुर दाढ़ी में जनता महाविद्यालय के सात दिवसीय विशेष वार्षिक शिविर का प्रारंभ योगाभ्यास हवन तथा राष्ट्रीय सेवा योजना के गीत के साथ हुआ। कार्यक्रम अधिकारी प्रोफेसर रोशन लाल ने बताया कि शिविर में विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम तथा गतिविधियों का आयोजन किया गया। राजकीय महिला महाविद्यालय बाढड़ा में राजनीति शास्त्र प्राध्यापक प्रो. जितेंद्र सिंह ने स्वयं सेवकों को आगाह करते हुए बताया कि वर्तमान समय में अनुशासनहीनता, घृणा, द्वेष प्रतिशोध की भावना बढ़ती जा रही है जो कि समाज के लिए बहुत बड़ी नकारात्मक ऊर्जा का कार्य कर रही है।



गांव आदमपुर डाढ़ी में जनता कॉलेज के एनएसएस शिविर को संबोधित करते वक्ता।

शिक्षक बिशन सिंह आर्य ने सनातन धर्म व संस्कृति के बारे में विस्तार से व्याख्यान दिया। उन्होंने अपने तरीके से स्वयं सेवकों से अनुरोध किया कि स्वयं सेवक उन्हें माना जाता है जो चरित्र निर्माण और राष्ट्र निर्माण में अपना योगदान देने के लिए हमेशा तत्पर रहते हैं। कार्यक्रम अधिकारी प्रोफेसर सुरेंद्र सिंह के नेतृत्व में वाद विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का विषय इस सदन की राय में कोचिंग सेंटरों की बढ़ती संख्या वर्तमान समय की मांग है। जिसके पक्ष में प्रीतम प्रथम, पुनीत द्वितीय तथा ऋतिक ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। विपक्ष में साजिद प्रथम, अंकुर द्वितीय तथा पंकज ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। त्वरित ज्ञान प्रतियोगिता में अंकुर कुमार प्रथम, साजिद द्वितीय तथा पंकज कुमार ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। पुनीत और अंकित को सांत्वना पुरस्कार दिया गया। महिला महाविद्यालय झोझू कलां से प्राध्यापक प्रोफ़ेसर सुदेश पूनिया तथा प्रोफ़ेसर पूनम ने विद्यार्थियों का मार्गदर्शन करते हुए अनुशासन को एनएसएस के लिए अति आवश्यक बताया।

पूनम ने बताया कि यह एक ऐसा प्लेटफार्म है जिसको इसलिए तैयार किया गया है ताकि युवाओं को अधिक से अधिक अवसर प्रदान किया जा सके। शिविर में स्वयं सेवक नवरंग सैनी अंकुर दीपक कुमार पंकज कुमार रविकांत तुषार विक्रम पुनीत हिमांशु साजिद आदि की विशेष भूमिका रही।

Phone: 01250-220076
Email: jvmgrrcollege@rediffmail.com
Website: jvmgrr.org

**JANTA VIDYA MANDIR GANPAT RAI RASIWASIA COLLEGE**

(Affiliated to Ch.Bansi Lal University, Bhiwani)
(NAAC Accredited B Grade with 2.78 CGPA)
Ram Krishan Gupta Marg, CHARKHI DADRI (Haryana)

# एनएसएस शिविर के दौरान वाद-विवाद प्रतियोगिता में प्रीतम, पुनीत, रितिक छाए

जागरण संवाददाता, चरखी दादरी : गांव आदमपुर डाढ़ी के श्री बालानाथ योग आश्रम में दादरी जनता पीजी कालेज के सात दिवसीय विशेष वार्षिक शिविर में सोमवार को राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी प्रोफेसर रोशन लाल ने स्वयंसेवकों का मार्गदर्शन किया। राजकीय महिला महाविद्यालय बाढड़ा के प्रो. जितेंद्र सिंह ने कहा कि वर्तमान में अनुशासनहीनता, घृणा, द्वेष प्रतिशोध की भावना बढ़ती जा रही है जो समाज के लिए उचित नहीं है। शिक्षक बिशन सिंह आर्य ने सनातन धर्म व संस्कृति के बारे में विस्तार से व्याख्यान दिया। कार्यक्रम अधिकारी प्रो. सुरेंद्र सिंह के नेतृत्व में वाद विवाद प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया। कोचिंग सेंटरों की बढ़ती संख्या वर्तमान समय की मांग विषय पर आयोजित प्रतियोगिता के पक्ष में प्रीतम, पुनीत, रितिक ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान प्राप्त किया। विपक्ष में साजिद, अंकुर, पंकज ने प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त किया। त्वरित ज्ञान प्रतियोगिता में अंकुर कुमार, साजिद, पंकज कुमार ने क्रमशः प्रथम ,द्वितीय, तृतीय स्थान पाया। पुनीत और अंकित को सांत्वना पुरस्कार मिला। महिला महाविद्यालय झोझू कलां से प्राध्यापक सुदेश पूनिया व पूनम ने विद्यार्थियों को अनुशासन का पाठ पढ़ाया। शिविर में स्वयंसेवक नवरंग, अंकुर, दीपक कुमार, पंकज, रविकांत, तुषार, विक्रम, पुनीत, हिमांशु, साजिद का सहयोग रहा।



बालानाथ योगाश्रम में स्वयंसेवकों को संबोधित करते प्रो. जितेंद्र सिंह। • विज्ञप्ति।

## समावेशी शिक्षा पद्धति की दी जानकारियां

जागरण संवाददाता, चरखी दादरी : जनता पीजी कालेज की ओर से राष्ट्रीय सेवा योजना छात्रा इकाई के सात दिवसीय विशेष वार्षिक शिविर के छठे दिन सोमवार को डालमिया किडस स्कूल में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रथम सत्र में डा. मनोज रानी ने स्वयं सेविकाओं को समावेशी शिक्षा पद्धति के विषय में विस्तार से बताया। दूसरे सत्र में महिला शाखा प्रदेश अध्यक्ष अनिता योगाचार्य ने स्वयं सेविकाओं के साथ मिलकर मां भारती के चरणों में पुष्प अर्पित करते हुए पुलवामा हमले में शहीद हुए जवानों को श्रद्धांजलि दी। अगले चरण में जनता महाविद्यालय वाणिज्य विभाग से प्रो. प्रीति गुप्ता ने समय प्रबंधन के महत्व को समझाया। कार्यक्रम अधिकारी प्रो. गरिमा श्योराण ने महिला सशक्तीकरण के बारे में जागरूक किया।

# पुलवामा हमले के शहीदों को दी श्रद्धांजलि

संवाद न्यूज एजेंसी अमर उजाला 15/1

**चरखी दादरी।** जनता महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना की छात्रा इकाई के सात दिवसीय विशेष वार्षिक शिविर के छठे दिन प्रथम सत्र में डॉ. मनोज रानी ने स्वयं सेविकाओं को समावेशी शिक्षा पद्धति के विषय में बताया। उन्होंने कहा कि अशक्त बच्चों को सामान्य बच्चों से हीन नहीं समझना चाहिए और उनके प्रति सकारात्मक रवैया अपनाने का आह्वान किया।

किड्स स्कूल में चल रहे शिविर के दूसरे सत्र में अनीता योगाचार्य ने स्वयं सेविकाओं के साथ मिलकर मां भारती के चरणों में पुष्प अर्पित करते हुए पुलवामा हमले में शहीद हुए जवानों को श्रद्धांजलि दी। इसके बाद जनता महाविद्यालय वाणिज्य विभाग से प्रो. प्रीति गुप्ता ने समय प्रबंधन के महत्व को समझाया।

कार्यक्रम अधिकारी प्रो. गरिमा श्योराण ने छात्राओं को महिला सशक्तीकरण के विषय में बताते हुए स्वालंबी बनने को प्रेरित किया। इसके बाद स्वयं सेविकाओं को खुला मंच सौंपा गया। जिसमें उन्होंने अनेक विषयों पर अपने विचार रखे। कार्यक्रम को सफल बनाने में जोनिका, वनिषा, ज्योति, रितु, नितिका, श्वेता, लक्ष्मी गर्ग की सराहनीय भूमिका रही।


जनता कॉलेज एनएसएस छात्राएं कार्यक्रम के दौरान प्राध्यापकों के साथ। संवाद

## विद्यार्थियों ने वीर सैनिकों को दी श्रद्धांजलि

**चरखी दादरी।** जीआरवी मॉडल स्कूल में सोमवार को श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। इसमें विद्यार्थियों और शिक्षकों ने पुलवामा हमले में सर्वोच्च बलिदान देने वाले वीर सैनिकों को नमन किया। आयोजन की अध्यक्षता स्कूल निदेशक एसएस विजय ने की उन्होंने विद्यार्थियों को पुलवामा में सेना के काफिले पर हुए आत्मघाती हमले के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने कहा कि आतंकवाद के खात्मे के लिए सभी देशों को एकजुटता से लड़ाई लड़नी होगी। उन्होंने कहा कि आतंकवाद आज पूरे विश्व के लिए खतरा है और इससे सख्ती से निपटने की जरुरत है। विद्यार्थियों ने वीर जांबाजों को श्रद्धासुमन अर्पित किए। संवाद

Phone: 01250-220076
Email: jvmgrrcollege@rediffmail.com
Website: jvmgrr.org

**JANTA VIDYA MANDIR GANPAT RAI RASIWASIA COLLEGE**

(Affiliated to Ch.Bansi Lal University, Bhiwani)
(NAAC Accredited B Grade with 2.78 CGPA)
Ram Krishan Gupta Marg, CHARKHI DADRI (Haryana)



जनता महाविद्यालय के एनएसएस के वार्षिक शिविर छात्रों को प्रतिज्ञा दिलवाते हुए।

# स्वयं सेवकों को बुराइयों से दूर रहने की प्रतिज्ञा दिलाई

## सात दिवसीय वार्षिक शिविर में हुए कार्यक्रम

भास्कर न्यूज़ | चरखी दादरी

श्री बाला नाथ योगाश्रम आदमपुर दाढ़ी में संचालित जनता महाविद्यालय के सात दिवसीय वार्षिक शिविर की गतिविधियों की शुरुआत राष्ट्रीय सेवा योजना के गीत उठे जग के लिए, जगे स्वराज के लिए के साथ शुरू हुई।

राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी प्रोफेसर रोशन लाल तथा प्रोफेसर सुरेंद्र सिंह ने बताया कि आचार्य देवी सिंह ने स्वयं सेवकों को प्रतिज्ञा कराते हुए बताया कि माता -पिता सेवा एवं समाज सेवा, राष्ट्र सेवा यह अति उल्लेखनीय है जिनके बिना मनुष्य का चारित्रिक और बौद्धिक विकास संभव नहीं है। इस अवसर पर उन्होंने स्वयं सेवकों को सभी प्रकार के व्यसन जैसे शराब, हुक्का-बीड़ी, अंडे-मांस इत्यादि से दूर रहने की प्रतिज्ञा करवाई।

सभी स्वयं सेवकों ने इस अवसर पर सभी कुरीतियों से दूर रहने का व समाज सेवा का संकल्प लिया।

**शिविर में प्रोफेसर रोशनलाल ने स्वयं सेवकों का मार्गदर्शन किया** : शिविर में कार्यक्रम अधिकारी प्रोफेसर रोशनलाल ने स्वयं सेवकों का मार्गदर्शन करते हुए कहा कि सभी स्वयं सेवक जिम्मेदारियों का निर्वहन करते हुए समाज सेवा में अहम भूमिका निभाएं।

# विभिन्न गतिविधियों में अव्वल रहने वाली छात्राओं को ट्रॉफी देकर किया सम्मानित

## बेहतरीन प्रदर्शन करने पर लक्ष्मी को चुना सर्वश्रेष्ठ स्वयं सेविका

भास्कर न्यूज़ | चरखी दादरी



जनता महाविद्यालय की एनएसएस छात्रा ईकाई के शिविर में अव्वल रहने वाली छात्राओं को ट्रॉफी से सम्मानित करते हुए।

मंगलवार को शंकर कॉलोनी स्थित डालमिया ग्लोबल किड्स स्कूल में जनता महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना की छात्रा इकाई के सात दिवसीय विशेष वार्षिक शिविर का समापन समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कार्यक्रम अधिकारी प्रोफेसर गरिमा श्योराण ने की। शिविर समापन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि कें रूप में महिला एवं बाल विकास विभाग से बबिता, पायल, पूनम पहुंची, वहीं विशिष्ठ अतिथि के रूप में महाविद्यालय से डॉ. नीना बंसल व सहायक प्रोफेसर विकास, उपस्थित रहे। समापन समारोह में शिविर के दौरान आयोजित विभिन्न गतिविधियों में भाग लेकर अव्वल स्थान प्राप्त करने वाली छात्राओं को ट्रॉफी देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में पिछले 3 वर्षों में बेहतरीन प्रदर्शन करने पर सर्वश्रेष्ठ स्वयं सेविका के तौर पर लक्ष्मी को चुना गया तथा शिविर के दौरान सभी गतिविधियों में उत्तम प्रदर्शन करने पर अंकिता को बेस्ट कैंपर पर चुना गया। इसके साथ साथ ही शिविर के सातों दिन विशेष योगदान देने के लिए नितिका, ज्योति व श्वेता को सम्मानित किया गया। समापन समारोह कार्यक्रम में मंच संचालन अंकिता लांबा द्वारा किया गया। कार्यक्रम में पहुंचे मुख्य अतिथि, विशिष्ट अतिथि, कार्यक्रम अधिकारी गरिमा श्योराण ने सभी छात्राओं को शुभकामनाएं दी।

Phone: 01250-220076
Email: jvmgrrcollege@rediffmail.com
Website: jvmgrr.org

**JANTA VIDYA MANDIR GANPAT RAI RASIWASIA COLLEGE**

(Affiliated to Ch.Bansi Lal University, Bhiwani)
(NAAC Accredited B Grade with 2.78 CGPA)
Ram Krishan Gupta Marg, CHARKHI DADRI (Haryana)

# लक्ष्मी को सर्वश्रेष्ठ स्वयंसेविका व अंकिता को बेस्ट कैंपर का पुरस्कार

संवाद न्यूज एजेंसी अमर उजाला 16/2

चरखी दादरी। शंकर कालोनी स्थित डालमिया ग्लोबल किड्स स्कूल में जनता महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना की छात्रा इकाई के सात दिवसीय विशेष वार्षिक शिविर का मंगलवार को समापन हो गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कार्यक्रम अधिकारी प्रोफेसर गरिमा श्योराण ने की।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में महिला एवं बाल विकास विभाग से बबीता, पायल व पूनम पहुंची। वहीं, विशिष्ट अतिथि के रूप में जनता महाविद्यालय से डॉ. नीना बंसल व सहायक प्रोफेसर विकास उपस्थित रहे।

समारोह में शिविर के दौरान आयोजित विभिन्न गतिविधियों में अव्वल स्थान प्राप्त करने वाली छात्राओं को ट्रॉफी देकर



एनएसएस कैंप के समापन पर स्वयंसेविकाओं को सम्मानित करते अतिथिगण। संवाद

## शंकर कॉलोनी में आयोजित एनएसएस शिविर का मंगलवार को हुआ समापन

बेहतरीन प्रदर्शन करने पर सर्वश्रेष्ठ स्वयंसेविका का पुरस्कार लक्ष्मी को मिला। स्वयंसेविका अंकिता को बेस्ट कैंपर चुना गया। इनके अलावा शिविर में विशेष योगदान देने के लिए नितिका, ज्योति व श्वेता को भी सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में पहुंचे मुख्य अतिथि, विशिष्ट अतिथि व कार्यक्रम अधिकारी गरिमा श्योराण ने छात्राओं के उज्ज्वल भविष्य की कामनाएं की।

## स्वयंसेवकों को समाज व राष्ट्र सेवा की दिलाई शपथ

चरखी दादरी। श्रीबालानाथ योगाश्रम आदमपुर दाढ़ी में आयोजित जनता महाविद्यालय के सात दिवसीय विशेष वार्षिक शिविर में मंगलवार को सवयंसेवकों ने राष्ट्रसेवा की शपथ ली। शुरुआत में राष्ट्रीय सेवा योजना का गीत उठे जग के लिए, जगे स्वराज के लिए गाया गया। राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी प्रो. रोशनलाल व प्रोफेसर सुरेंद्र सिंह ने स्वयंसेवकों को विविध जानकारी दी। आचार्य देवी सिंह ने स्वयंसेवकों को प्रतिज्ञा करवाते हुए बताया कि माता-पिता, समाज व राष्ट्र सेवा ये अति उल्लेखनीय हैं जिनके बिना मनुष्य का चारित्रिक और बौद्धिक विकास संभव नहीं है। देवी सिंह ने स्वयंसेवकों को सभी प्रकार के व्यसन शराब, हुक्का, बीड़ी व मांस आदि के सेवन से परहेज करने की सलाह दी। स्वयंसेवकों ने समाज की कुरीतियों से दूर रहने व समाज सेवा का संकल्प लिया। शिविर में कार्यक्रम अधिकारी प्रो. रोशनलाल ने स्वयंसेवकों का मार्गदर्शन करते हुए कहा कि सभी स्वयंसेवक जिम्मेदारियों का निर्वहन करते हुए समाज सेवा में अहम भूमिका निभाएं। संवाद



शिविर में शपथ लेते जनता कॉलेज के स्वयंसेवक। संवाद

### राष्ट्रीय सेवा योजना के माध्यम से सभी स्वयंसेवकों का सर्वांगीण विकास संभवः डॉ. यशवीर

# नवरंग और अंकुर बने सर्वश्रेष्ठ स्वयंसेवक

भास्कर न्यूज | चरखी दादरी

श्री बालानाथ योग आश्रम आदमपुर दाढ़ी में संचालित जनता महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाईयों के सात दिवसीय विशेष वार्षिक शिविर का समापन समारोह का आयोजन किया गया। राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी प्रोफेसर रोशन लाल तथा प्रोफेसर सुरेंद्र सिंह ने बताया कि समापन समारोह पर मुख्य अतिथि के रूप में डाक्टर सुरेश मलिक राष्ट्रीय सेवा योजना समन्वयक बंसी लाल विश्वविद्यालय भिवानी तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में प्राचार्य डॉ. यशवीर सिंह, सूरजभान प्रधान सांगवान खाप कन्नी तेरह, आश्रम संचालक आचार्य देवी सिंह रहे।

राष्ट्रीय सेवा योजना कोऑर्डिनेटर डॉ. सुरेश मलिक ने समापन समारोह पर स्वयंसेवकों का मार्गदर्शन करते हुए कहा कि सामाजिक, आर्थिक, आध्यात्मिक, मानसिक, बौद्धिक विकास एक दूसरे से संबंधित है तथा सभी विकास एक दूसरे के साथ ही संभव ... सूरजभान प्रधान सांगवान खाप कन्नी तेरह ने कहा कि इस देश को युवाओं से बहुत सारी अपेक्षाएं हैं इसलिए सभी स्वयंसेवक अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करते हुए राष्ट्रीय विकास में अपनी अहम भूमिका निभाए। प्राचार्य डॉ. यशवीर सिंह ने कहा राष्ट्रीय सेवा योजना के माध्यम से सभी स्वयंसेवकों का सर्वांगीण विकास संभव है। आचार्य देवी सिंह ने स्वयं सेवकों को माता-पिता व गुरुजनों की सेवा करने के लिए प्रेरित किया तथा साथ में दुर्व्यस्नों से बचने के लिए अपील की। कार्यक्रम अधिकारी प्रोफेसर रोशन लाल ने सभी अतिथियों का स्वागत किया और कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत की। प्रोफेसर सुरेंद्र सिंह ने इस अवसर पर सात दिवसीय विशेष वार्षिक शिविर की रिपोर्ट प्रस्तुत की।

शिविर में बेहतर प्रदर्शन के लिए नवरंग सैनी तथा अंकुर कुमार को सर्वश्रेष्ठ स्वयंसेवक का खिताब दिया गया। दीपक कुमार तथा सुनील कुमार को बेस्ट रनर अप का खिताब दिया गया। स्वयं सेवक रविकांत तथा साजिद को सर्वश्रेष्ठ शिविरार्थी का खिताब दिया गया।

इस अवसर पर सुशील कुमार बंसल, प्रोफ़ेसर कमल नैन, राकेश शर्मा आदि उपस्थित थे। समापन समारोह में स्वयं सेवक ध्रुव, हिमांशु, पुनीत, पंकज, प्रीतम, चांद, सचिन, संदीप, रोहित, राहुल, रितिक आदि की विशेष भागीदारी रही।



गांव आदमपुर डाढ़ी के श्री बालानाथ योग आश्रम में आयोजित शिविर में विजेताओं को सम्मानित करते हुए।

Phone: 01250-220076
Email: jvmgrrcollege@rediffmail.com
Website: jvmgrr.org

**JANTA VIDYA MANDIR GANPAT RAI RASIWASIA COLLEGE**
(Affiliated to Ch.Bansi Lal University, Bhiwani)
(NAAC Accredited B Grade with 2.78 CGPA)
Ram Krishan Gupta Marg, CHARKHI DADRI (Haryana)

# शिविर में स्वयंसेवकों का किया मार्गदर्शन




बालानाथ योगाश्रम में आयोजित शिविर को संबोधित करते प्राचार्य यशवीर सिंह। • विज्ञप्ति।

जागरण संवाददाता, चरखी दादरी : दादरी शहर स्थित जनता पीजी कालेज की राष्ट्रीय सेवा इकाइयों के संयुक्त तत्वाधान में सात दिवसीय विशेष वार्षिक शिविर का उद्घाटन श्री बालानाथ योगाश्रम आदमपुर डाढ़ी में मंगलवार को किया गया। कार्यक्रम अधिकारी प्रो. रोशन लाल तथा प्रो. सुरेंद्र सिंह की अगुवाई में भारत रत्न लता मंगेशकर को श्रद्धांजलि दी गई। इसके बाद विशिष्ट अतिथि के तौर पर उपस्थित गांव कलाली के निवर्तमान सरपंच राजपाल ने स्वयंसेवकों का मार्गदर्शन किया।

उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवक समाज व राष्ट्र निर्माण में निर्णायक भूमिका निभाते हैं। आइटीआइ कलाली के इंस्ट्रक्टर जयपाल सिंह ने भी विद्यार्थियों को अनुशासन का पाठ पढ़ाया। उन्होंने व्यक्तित्व विकास के लिए किए जाने वाले कार्य में राष्ट्रीय सेवा योजना की भूमिका को सराहा। बबल सिंह आइटीआइ इंस्ट्रक्टर ने भी अपने विचार रखे। नरेश कुमार ने भजन के माध्यम से विद्यार्थियों को शिक्षा परक संदेश दिया। आचार्य देवी सिंह ने विद्यार्थियों को सामाजिक, आर्थिक, राजनीतिक, शारीरिक, मानसिक उत्थान के बारे में जागरूक किया। संध्या कालीन सत्र में महाविद्यालय के प्राचार्य डा. यशवीर सिंह ने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा ना केवल व्यक्तित्व का विकास किया जा सकता है बल्कि यह समाज और राष्ट्र को नई दिशा देने का काम होता है। इस मौके पर स्वयंसेवक नवरंग सैनी, आशीष, हिमांशु, नीरज, रविकांत, कृष्ण, दीपक कुमार, सुनील कुमार, अंकुश कुमार, पुनीत, अंकित भी उपस्थित रहे।

# जनता कालेज में लगा शिविर, 41 लोगों ने किया रक्तदान



जनता कालेज में आयोजित शिविर में रक्दाताओं को बैज लगाते आचार्य देवीसिंह। • जागरण

चरखी दादरी : शनिवार को दादरी शहर स्थित जनता पीजी कालेज में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाईयों व यूथ रेडक्रास के संयुक्त तत्वावधान में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। राष्ट्रीय सेवा योजना एवं यूथ रेडक्रास काउंसलर डा. रोशनलाल की उपस्थिति में जिला रेडक्रास दादरी के माध्यम से सिविल अस्पताल भिवानी की टीम ने शिविर में सेवाएं दी। शिविर में 41 स्वयंसेवकों ने रक्तदान किया। शिविर का शुभारंभ श्री बालानाथ योगाश्रम आदमपुर डाढ़ी के संचालक आचार्य देवी सिंह तथा प्राचार्य डा. यशवीर सिंह ने रक्तदाताओं को बैज लगाकर किया। कार्यक्रम अधिकारी प्रोफेसर सुरेंद्र सिंह, प्रोफेसर गरिमा श्योराण, यूथ रेडक्रास काउंसलर प्रोफेसर हेमलता बंसल के अलावा डा. नीरज गर्ग, प्रोफेसर जयवीर सिंह, डा. अरुण कुमार, सुशीला सैनी, डा. जितेंद्र, प्रोफेसर तरसेम, प्रो. प्रवीन, डा. पूनम, डा. हेमलता शर्मा, युधिष्ठिर, अनिता रानी, सतीश कुमार, नरेश कुमार तथा स्वयंसेवक अर्चना, लक्ष्मी गर्ग, सविता, सुनील कुमार, अंकुर, मनीष कुमार यादवेंद्र, मोहित कुमार, दीपक, पुनीत कुमार, अंशुल, सुमित, साजिद, दीपांक आदि सहयोग रहा। (जासं)

Phone: 01250-220076
Email: jvmgrrcollege@rediffmail.com
Website: jvmgrr.org

**JANTA VIDYA MANDIR GANPAT RAI RASIWASIA COLLEGE**

(Affiliated to Ch.Bansi Lal University, Bhiwani)
(NAAC Accredited B Grade with 2.78 CGPA)
Ram Krishan Gupta Marg, CHARKHI DADRI (Haryana)

# शिविर में 41 स्वयंसेवकों ने किया रक्तदान

## जनता महाविद्यालय में आयोजित रक्तदान शिविर में लोगों ने लिया हिस्सा

संवाद न्यूज एजेंसी

चरखी दादरी। जनता महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई और यूथ रेडक्रॉस के संयुक्त तत्वावधान में रक्तदान शिविर लगाया गया। एनएसएस व यूथ रेडक्रॉस काउंसलर रोशनलाल ने बताया कि शिविर में भिवानी सिविल अस्पताल की टीम ने सेवाएं दीं। इसमें 41 स्वयंसेवकों ने रक्तदान किया।

शिविर का उद्घाटन आदमपर डाढी स्थित बालानाथ योगाश्रम आदमपुर के संचालक आचार्य देवी सिंह और महाविद्यालय प्राचार्य यशवीर सिंह ने रक्तदाताओं को बैज लगाकर किया। इस अवसर पर रक्तदाताओं को प्रेरित करते हुए आचार्य देवी सिंह ने कहा कि प्रत्येक स्वयंसेवक को तीन महीने बाद रक्तदान करना चाहिए। रक्तदान करने से शरीर में किसी प्रकार की कोई कमजोरी नहीं आती। यशवीर सिंह ने कहा कि रक्त का कोई विकल्प नहीं है। एक व्यक्ति द्वारा दान किया हुआ रक्त ही दूसरे व्यक्ति को प्रदान किया जाता है। रक्त ही एकमात्र ऐसी चीज है, जिसका विकल्प आज तक वैज्ञानिक भी तैयार नहीं कर पाए हैं। रक्तदान करना बेहद नेक कार्य है। शिविर राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी प्रोफेसर सुरेंद्र सिंह, प्रोफेसर गरिमा श्योराण, छात्रा इकाई की यूथ रेडक्रॉस काउंसलर प्रोफेसर हेमलता बंसल के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। शिविर के आयोजन में नीरज गर्ग, प्रोफेसर जयवीर सिंह, अरुण कुमार, सुशीला सैनी, जितेंद्र , प्रोफेसर तरसेम , प्रोफेसर प्रवीन, पूनम, अनीता रानी, सतीश कुमार, नरेश कुमार समेत स्वयंसेवक अर्चना, लक्ष्मी गर्ग, सविता, सुनील कुमार, अंकुर कुमार , मनीष कुमार, यादवेंद्र, मोहित कुमार, दीपक कुमार, पुनीत कुमार, अंशुल, सुमित, साजिद व दीपांक का सहयोग रहा।



शिविर में रक्तदाताओं को बैज लगाते आचार्य देवी सिंह व प्राचार्य यशवीर सिंह। संवाद

# स्वच्छता शारीरिक, मानसिक व बौद्धिक रूप से स्वस्थ होने का दिलाती है अहसास : यशवीर

जागरण संवाददाता, चरखी दादरी : स्थानीय जनता पीजी कालेज की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाईयों के संयुक्त तत्वाधान में एक दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया। शिविर के दौरान राष्ट्रीय सेवा योजना के सभी स्वयंसेवकों ने कार्यक्रम अधिकारी डा. रोशन लाल, प्रो. सुरेंद्र सिंह के नेतृत्व में महाविद्यालय प्रांगण में स्वच्छता कार्यक्रम चलाया। इस अवसर पर स्वयंसेवकों का मार्गदर्शन करते हुए महाविद्यालय प्राचार्य यशवीर सिंह ने कहा कि स्वच्छता शारीरिक, मानसिक व बौद्धिक रूप से स्वस्थ होने का अहसास दिलाती है।

स्वच्छता मानव जीवन का आवश्यक गुण होता है जो बीमारियों से बचाए रखने में सहायता करता है। शिविर के दौरान सभी स्वयंसेवकों ने महाविद्यालय प्रांगण को स्वच्छ और [illegible]



जनता पीजी कालेजे में स्वच्छता अभियान चलाते विद्यार्थी। • विज्ञप्ति

स्वच्छता के प्रति अपनी वचनबद्धता को दोहराया। जैसा कि राष्ट्रीय सेवा योजना का मुख्य उद्देश्य समाज सेवा के माध्यम से व्यक्तित्व का विकास करना है इसी भावना को चरितार्थ करते हुए राष्ट्रीय सेवा योजना के सभी स्वयंसेवकों ने अपने व्यक्तित्व विकास के लिए स्वच्छता को [illegible] स्वच्छता कार्यक्रम में विशेष तौर पर डा. पीके अग्रवाल, डा. नीरज गर्ग, प्रो. जयवीर सिंह, प्रो. हेमलता ने स्वयंसेवकों के इस कार्य की सराहना की। शिविर में स्वयंसेवक अंतिम, नवरंग सैनी, अंकुर, सचिन, अजय, रितिक, मनोज साहिल यादवेंद्र, सुल्तान, नवनीत, दीपक, शिवम, पुनीत, दीपांक, सविता, सुशीला, अर्चना का सहयोग रहा।



जनता कॉलेज पे पौधारोपण करते विद्यार्थी।

## पौधे हमारे आसपास के वातावरण को बनाते हैं स्वच्छ और सुंदर, स्वयं सेवकों ने किया कॉलेज में पौधरोपण

चरखी दादरी| जनता महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाइयों के तत्वावधान में विश्व पर्यावरण दिवस पर पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया' गया। राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी डॉ. रोशन लाल ने बताया कि इस अवसर पर महाविद्यालय प्रांगण में त्रिवेणी लगाई गई और अन्य पौधे भी रोपित किए गए। प्राचार्य डॉ. यशवीर सिंह, उप प्राचार्य डॉ. पीके अग्रवाल, कार्यक्रम अधिकारी प्रोफेसर सुरेंद्र सिंह के नेतृत्व में सभी स्वयं सेवकों ने पौधरोपण किया। प्राचार्य डॉ. यशवीर सिंह ने कहा कि पौधे हमारे आसपास के वातावरण को सुंदर और स्वच्छ बनाते हैं। वातावरण में संतुलन बनाए रखने में पौधों का बड़ा बहुत महत्व है। इस अवसर पर स्वयंसेवकों से आग्रह किया गया कि वे अपने विशेष अवसरों पर एक पौधा अवश्य लगाएं। कार्यक्रम को सफल बनाने में स्वयंसेवक नवरंग सैनी, रितिक, लक्ष्मी मनोज कुमार, साजिद, पुनीत, लक्ष्मी गर्ग, वनीषा, नवीन, दीपक, सुनील, राहुल आदि की विशेष भूमिका रही।

## पुलिस ने जनता कॉलेज में छात्र-छात्राओं को साइबर अपराध के बारे में किया जागरूक

भास्कर न्यूज़ चरखी दादरी

बुधवार को जिला में साईबर जागरुकता अभियान चलाया जा रहा है। जिला पुलिस की साइबर सेल पिछले दिनों जिले के काफी स्कूलों-कॉलेजों में इस तरह के जागरूकता अभियान चला रही हैं। सैल के प्रभारी संजीत द्वारा जनता कालेज में साईबर जागरुकता अभियान चलाया गया। उन्होंने कहा कि आज के समय साइबर अपराध चरम पर है आए दिन नए-नए तरीकों से लोगों को ठगा जा रहा है। इन्हें रोकने के लिए जागरूक होने की जरूरत है।

सभी को समझना होगा कि साइबर अपराध करने वाले लोग बड़े ही चालाक किस्म के हैं जिनसे सभी को बचना होगा। वैसे जिला चरखी दादरी में साइबर सैल और साइबर ... गठित है, जो काम रही ... प्लेटफॉर्म को सावधानी और सतर्कता के साथ प्रयोग करना जरूरी है। आज जिस तरह से अपराधियों के द्वारा साइबर अपराध को अपराध का एक सशक्त माध्यम बनाकर प्रयोग किया जा रहा है।

उससे बचने के लिए छात्रों को स्वयं जागरूक होकर दूसरों को भी जागरूक करना होगा। जालसाज अब क्यूआर कोड (क्विक रिस्पांस कोड) लिंक के जरिए बैंक खाते हैक करने लगे है। जालसाज प्रसिद्ध वेबसाइट पर खरीदारी करने वालों को झांसे में ले रहे है। इस दौरान वह क्रय-विक्रय की बात फाइनल कर ऑनलाइन पेमेंट की बात कहते है। इसके बाद लोगो के वाट्सअप नम्बर पर एक लिंक पर क्लिक करते है, ठग लोगो के मोबाईल फोन का क्यूआर कोड स्कैन कर खाते में रकम पार कर दे ... भेजे जा रहे हैं कि आपके पे-टीएम खाता के केवाईसी को निलंबित कर दिया गया है। इस प्रकार के मैसेज फोन पर आने पर लोग तुरंत दिए गए नम्बर पर संपर्क करते है तथा ठगों को अपने बैंक खाता से संबंधित जानकारी दे देते है। ठग ... बैंक खाते की जानकारी लेकर ... का काम करते है। इस ... डीएसपी जोगेंद्र सिंह, प्राचा... यशवीर सिंह, कालेज स्टा... छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे है



जनता कॉलेज में साइबर जालसाजी की जानकारी देते पुलिस अधिकारी।

Phone: 01250-220076
Email: jvmgrrcollege@rediffmail.com
Website: jvmgrr.org

**JANTA VIDYA MANDIR GANPAT RAI RASIWASIA COLLEGE**

(Affiliated to Ch.Bansi Lal University, Bhiwani)
(NAAC Accredited B Grade with 2.78 CGPA)
Ram Krishan Gupta Marg, CHARKHI DADRI (Haryana)

# आओ रोपें रिश्तों के पौधे : जनप्रतिनिधि

रिश्तों के पेड़

मोहित बेरलिया, चरखी दादरी :

दादरी सहित पूरे हरियाणा प्रदेश में लगातार वन क्षेत्र घट रहा है। हरियाणा में वन क्षेत्र 3.90 से घटकर केवल 3.58 प्रतिशत रह गया है। निरंतर कम होता जा रहा वन क्षेत्र अब चिंता का विषय बन गया है।

ऐसे में पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने के लिए दैनिक जागरण ने सरोकार के तहत आओ रोपें रिश्तों के पौधे मुहिम की शुरुआत की है। यह मुहिम 18 जुलाई से शुरू होकर तीन दिन तक चलेगी। इसके तहत स्कूली बच्चों, पंच-सरपंच, पार्षद, चेयरमैन, विधायक, सांसद इत्यादि को मुहिम से जोड़कर ज्यादा से ज्यादा पौधे लगाने की अपील की जाएगी व पौधे लगवाए जाएंगे ताकि पर्यावरण को हो रहे नुकसान को कम किया जा सके।



स्टेडियम में स्वयंसेवकों के साथ पौधारोपण करते प्रो. रोशनलाल। • जागरण

दैनिक जागरण द्वारा शुरू की जा रही मुहिम आओ रोपें रिश्तों के पौधे को विभिन्न संस्थाओं व सामाजिक लोगों का सहयोग मिला है। जिले में कुछ पर्यावरण हितैषी लोग हैं जो पहले से ही पौधारोपण में अग्रणी है। उन्होंने में इस मुहिम की सराहना की है तथा अन्य लोगों से भी मुहिम से जुड़ने की अपील की है।

कई सालों से मुहिम चला रहे डा. रोशनलाल : दादरी के जनता पीजी कालेज की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के कार्यक्रम अधिकारी डा. प्रोफेसर रोशन लाल पिछले कई

# पालीथिन के प्रयोग पर पाबंदी लगाने की आवश्यकता ताकि पर्यावरण संरक्षित किया जा सके : एसडीएम

जागरण संवाददाता, चरखी दादरी : शुक्रवार को स्थानीय जनता पीजी कालेज में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाइयों और जिला प्रशासन दादरी के संयुक्त तत्वाधान में पालिथीन मुक्त भारत जागरूकता अभियान चलाया गया।

राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी डा. रौशन लाल ने बताया कि इस जागरूकता अभियान के तहत प्रो. गरिमा श्योराण के नेतृत्व में विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। महाविद्यालय में एसडीएम अनिल यादव सीएम सुशासन सहयोगी दिनेश मल्ला व महाविद्यालय प्राचार्य डा. यशवीर सिंह ने स्वयंसेवकों का मार्गदर्शन किया। मुख्य वक्ता एसडीएम अनिल यादव ने कहा कि वर्तमान में पालिथीन के प्रयोग पर पूर्ण रूप से पाबंदी लगाने की आवश्यकता है ताकि पर्यावरण को संरक्षित किया जा सके। पालिथीन



बस स्टैंड परिसर में नुक्कड़ नाटक के माध्यम से पालिथीन मुक्त भारत का संदेश देते जनता पीजी कालेज के विद्यार्थी। • विज्ञप्ति

प्रदूषण का मुख्य कारण बना हुआ है। जिससे सीवर और नाले अवरुद्ध हो जाते हैं तथा वर्षा के पानी की निकासी में बाधा आती है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री सुशासन सहयोगी दिनेश मल्ला ने भी स्वयंसेवकों से अपील की कि प्लास्टिक की थैलियों के बजाय कपड़े या कागज का थैला प्रयोग करना चाहिए ताकि हम एक जिम्मेदार नागरिक की भूमिका का निर्वहन कर सकें। दिनेश मल्ला एवं प्रो. गरिमा श्योराण के मार्गदर्शन में स्वयंसेवकों ने बस स्टैंड दादरी तथा पुरानी सब्जी मंडी में पालिथीन मुक्त भारत के अंतर्गत नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया। इस मौके पर स्वयंसेवक अंकुर कुमार, मनोज कुमार, नवरंग सैनी, रविकांत, राहुल लक्ष्मी गर्ग, पूजा रानी, सुमन, मंजीत मनीषा भी उपस्थित रहे।

Phone: 01250-220076
Email: jvmgrrcollege@rediffmail.com
Website: jvmgrr.org

**JANTA VIDYA MANDIR GANPAT RAI RASIWASIA COLLEGE**
(Affiliated to Ch.Bansi Lal University, Bhiwani)
(NAAC Accredited B Grade with 2.78 CGPA)
Ram Krishan Gupta Marg, CHARKHI DADRI (Haryana)

# स्वयंसेवकों ने किया पौधरोपण



जनता कॉलेज के स्वयंसेवक पौधरोपण करते हुए। संवाद

चरखी दादरी। जनता महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाइयों के संयुक्त तत्वाधान में पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया।

राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी डॉ. रोशनलाल ने बताया कि आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत पौधरोपण किया गया। कार्यक्रम अधिकारी प्रोफेसर सुरेंद्र सिंह ने कहा कि वृक्षों से न केवल जलवायु परिवर्तन में सहायता मिलती है। इस अवसर पर प्रोजयवीर सिंह, डॉ. नीरज गर्ग, डॉ. राजेंद्र सिंह के अलावा स्वयंसेवक विभा, तनु, पूजा, अंतिम, राहुल शर्मा, मनोज कुमार, मोहित कुमार, अंकुर अफरिया, नवरंग सैनी, रविकांत आदि की विशेष भूमिका रही। संवाद



जनता महाविद्यालय में पौधरोपण करते स्वयं सेवक और स्टाफ सदस्य।

# वर्षा ऋतु में एक एक पौधा अवश्य लगाएं : डॉ. यशवीर

भास्कर न्यूज | चरखी दादरी

जनता महाविद्यालय में प्राचार्य डॉ. यशवीर सिंह के निर्देशानुसार राष्ट्रीय सेवा योजना इकाइयों के तत्वावधान में पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी डॉ. रोशनलाल ने बताया कि आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर स्वयं सेवकों का मार्गदर्शन करते हुए कार्यक्रम अधिकारी प्रोफेसर सुरेंद्र सिंह ने कहा कि वृक्षारोपण से न केवल जलवायु परिवर्तन में सहायता मिलती है, बल्कि मानवीय दृष्टिकोण को परिवर्तित करने की भी सक्षमता होती है। वर्तमान दौर में आधुनिक पीढ़ी को यदि बचाए रखना है तो वृक्ष संजीवनी का कार्य करते हैं, अन्यथा मानवता गंभीर संकट में पड़ जाएगी। इस अवसर पर कार्यक्रम अधिकारी डॉ. रोशनलाल ने सभी स्वयं सेवकों से आग्रह किया कि इस वर्षा ऋतु के अवसर पर एक एक पौधा अवश्य लगाएं।

Phone: 01250-220076
Email: jvmgrrcollege@rediffmail.com
Website: jvmgrr.org

**JANTA VIDYA MANDIR GANPAT RAI RASIWASIA COLLEGE**

(Affiliated to Ch.Bansi Lal University, Bhiwani)
(NAAC Accredited B Grade with 2.78 CGPA)
Ram Krishan Gupta Marg, CHARKHI DADRI (Haryana)

# वातावरण को तंबाकू मुक्त रखने की शपथ दिलाई

## जनता महाविद्यालय में विद्यार्थियों ने तंबाकू निषेध दिवस मनाया

भास्कर न्यूज | चरखी दादरी



जनता महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाइयों के तत्वावधान में विश्व तंबाकू निषेध दिवस मनाया गया। राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी डॉ. रोशन लाल ने बताया कि विश्व तंबाकू निषेध दिवस पर शपथ समारोह का आयोजन किया गया। डॉ. रोशन लाल तथा प्रोफेसर सुरेंद्र सिंह के नेतृत्व में स्वयंसेवकों को शपथ दिलाई गई कि वे कभी भी तंबाकू और तंबाकू से बने उत्पादों का सेवन नहीं करेंगे एवं अपने परिजनों व परिचितों को भी तंबाकू व तंबाकू से बने उत्पादों का सेवन न करने के लिए प्रेरित करेंगे। स्वयं सेवकों ने शपथ ली कि वे अपने संस्थान व आसपास के वातावरण को तंबाकू मुक्त रखेंगे। प्राचार्य डॉ. यशवीर सिंह ने स्वयंसेवकों का मार्गदर्शन करते हुए कहा तंबाकू का सेवन स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है। किसी भी प्रकार के तंबाकू व तंबाकू से बने उत्पादों का सेवन करने से सांस लेने में कठिनाई होती है, एवं फेफड़ों की क्षमता कम हो जाती है। विश्व तंबाकू निषेध दिवस पर लोगों को तंबाकू के बुरे प्रभावों के बारे में शिक्षित करने के लिए ही इस प्रकार के कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। कार्यक्रम को सफल बनाने में स्वयंसेवक नवरंग सैनी, विक्रम, उर्वीश, मनीष, विभा, ज्योति ,सलोनी, नेहा, लीना, खुशी,हेमा आदि की अहम भूमिका रही।

# भाषण प्रतियोगिता से महाराणा प्रताप के शौर्य का किया बखान

जागरण संवाददाता, चरखी दादरी : दादरी के जनता पीजी कालेज में इतिहास विभाग एवं विवेकानंद विचार मंच के संयुक्त तत्वाधान में महाराणा प्रताप जयंती के उपलक्ष्य में भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। महाविद्यालय के प्राचार्य डा. यशवीर सिंह ने विद्यार्थियों का मार्गदर्शन करते हुए बताया कि महाराणा प्रताप का जीवन दर्शन आज के युवा वर्ग के जीवन में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है।

उन्होंने महाराणा प्रताप के जीवन से संबंधित कुछ प्रसंग विद्यार्थियों के सामने प्रस्तुत किए। उन्होंने कहा कि महाराणा प्रताप के स्वदेश प्रेम, राष्ट्र भक्ति, स्वाभिमान और शौर्य की गाथा से हर भारतीय को प्रेरणा लेनी चाहिए। कार्यक्रम की अध्यक्षता इतिहास विभाग के प्रमुख प्रो. सुरेंद्र सिंह ने की। मंच संचालन इतिहास विभाग से प्रो. तरसेम भारद्वाज ने किया। प्रतियोगिता में बीए द्वितीय वर्ष की छात्रा नैनसी ने प्रथम, बीए प्रथम वर्ष की छात्रा शिवानी ने द्वितीय तथा बीए तृतीय वर्ष के छात्र नौरंग ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम के सफल संचालन में प्रो. पुष्पेंद्र, प्रो. आनंद के अलावा अंकुर, रोहित, ऋतिक, कृष्ण फौगाट इत्यादि का सहयोग रहा।



जनता पीजी कालेज में आयोजित कार्यक्रम में अपने विचार रखते प्राचार्य यशवीर सिंह। • विज्ञप्ति

Phone: 01250-220076
Email: jvmgrrcollege@rediffmail.com
Website: jvmgrr.org

**JANTA VIDYA MANDIR GANPAT RAI RASIWASIA COLLEGE**

(Affiliated to Ch.Bansi Lal University, Bhiwani)
(NAAC Accredited B Grade with 2.78 CGPA)
Ram Krishan Gupta Marg, CHARKHI DADRI (Haryana)

# विश्व एड्स दिवस पर विद्यार्थियों को जागरूक किया, बचाव के दिए टिप्स

जागरण संवाददाता, चरखी दादरी : स्थानीय जनता पीजी में प्राचार्य डा. यशवीर सिंह के निर्देशानुसार रेड रीबन क्लब तथा राष्ट्रीय सेवा योजना इकाइयों के संयुक्त तत्वावधान में बुधवार को विश्व एड्स जागरूकता दिवस मनाया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में डिप्टी सिविल सर्जन डा. सुनैना ग्रोवर ने शिरकत की। उन्होंने विद्यार्थियों को इस लाइलाज बीमारी से बचने के लिए आह्वान किया।

उन्होंने विद्यार्थियों को रोग के कारण, लक्षण एवं निदान के लिए अपनाई जाने वाली विधियों की विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि विश्व में एड्स की बीमारी से 34.2 मिलियन लोग पीड़ित हैं। हरियाणा में इस बीमारी का पहला केस 1989 में रोहतक में आया था। वर्तमान में हरियाणा में भी 28 हजार इस रोग से पीड़ित हैं। उन्होंने बताया कि एड्स असुरक्षित यौन संपर्क, संक्रमित सुई के पुनः प्रयोग करने, संक्रमित रक्त चढ़ाने व संक्रमित मां से बच्चे में फैलता है। उन्होंने कहा कि साथ खाना खाने, हाथ मिलाने, गले मिलने, खांसने, छींकने, हवा, मच्छरों के काटने, घरों में पाए जाने वाले कीड़े मकोड़ों के काटने से यह रोग नहीं फैलता। इसलिए जागरूकता ही एकमात्र उपाय है। इस अवसर पर प्रो. सुरेंद्र सिंह ने बताया कि स्वच्छता, पवित्रता और चरित्र निर्माण ऐसे पहलू हैं जिनको अपनाकर हम अपने स्वस्थ जीवन की मंगल कामना कर सकते हैं। कार्यक्रम में प्रो. रोशन लाल, डा. राजेंद्र सिंह, प्रो. गरिमा श्योराण, प्रो. हेमलता इत्यादि उपस्थित रहे।




विश्व एड्स जागरूकता दिवस आयोजित कार्यक्रम में डा. सुनैना ग्रोवर का स्वागत करते स्टाफ सदस्य • विज्ञप्ति

# स्पर्धा में टीबी रोग से किया सचेत

हरिभूमि न्यूज ⏭ चरखी दादरी

जनता महाविद्यालय में रेड रिबन क्लब व जिला क्षय रोग, नियंत्रण समिति दादरी द्वारा अंतर जिला क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। महाविद्यालय में रेड रिबन क्लब के काउंसलर प्रो. रोशन लाल ने बताया कि अंतर जिला क्विज प्रतियोगिता में एपीजे सरस्वती महाविद्यालय की इंदुप्रिया व मनीषा की टीम ने प्रथम, जनता महाविद्यालय की परमीत व निशा की टीम ने द्वितीय तथा स्नेहलता व मोनिका की टीम ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। सिविल अस्पताल में कार्यरत आईसीटीसी काउंसलर सुमन रानी तथा प्रो. हेमलता ने क्विज मास्टर की भूमिका निभाई। इस अवसर पर एसटीएस टीबी विभाग से दलबीर सिंह ने विद्यार्थियों का मार्गदर्शन करते हुए कहा कि टीबी माइक्रो बैक्टेरियम ट्यूबर क्लोसिस नामक कीटाणु से होने वाला एक रोग है। दो हफ्ते या उससे अधिक की खांसी टीबी हो सकती है। केवल फेफड़ों की टीबी का रोगी ही दूसरों में इस रोग को फैला सकता है। टीबी के रोगी के खांसने, छींकने वह थूकने से यह कीटाणु हवा में फैल जाता है। रोगी की सही जांच व सही इलाज, खाते समय मुंह पर कपड़ा रखना, 6 से 8 महीने का सफल इलाज ही टीबी की रोकथाम है। कार्यक्रम में पूजा रानी, प्रो. रश्मि भारद्वाज, प्रो. सुरेंद्र सिंह, प्रो. तरसेम, प्रो. आनंद सिंह सहित अन्य उपस्थित रहे।



दादरी। प्रतियोगिता में हिस्सा लेते प्रतिभागी। फोटो : हरिभूमि

Phone: 01250-220076
Email: jvmgrrcollege@rediffmail.com
Website: jvmgrr.org

**JANTA VIDYA MANDIR GANPAT RAI RASIWASIA COLLEGE**
(Affiliated to Ch.Bansi Lal University, Bhiwani)
(NAAC Accredited B Grade with 2.78 CGPA)
Ram Krishan Gupta Marg, CHARKHI DADRI (Haryana)

## 3.3.3. & 3.3.4-Number of extension and outreach programs conducted by the institution through NSS/NCC/Red cross/YRC etc., ( including the programmes such as Swachh Bharat, AIDS awareness, Gender issues etc. and/or those organized in collaboration with industry, community and NGO)during the year








आजादी का अमृत महोत्सव
राष्ट्रीय सेवा योजना
vivo Y20
2021.09.08 12:17




Help
Help

Phone: 01250-220076
Email: jvmgrrcollege@rediffmail.com
Website: jvmgrr.org

**JANTA VIDYA MANDIR GANPAT RAI RASIWASIA COLLEGE**

(Affiliated to Ch.Bansi Lal University, Bhiwani)
(NAAC Accredited B Grade with 2.78 CGPA)
Ram Krishan Gupta Marg, CHARKHI DADRI (Haryana)





Phone: 01250-220076
Email: jvmgrrcollege@rediffmail.com
Website: jvmgrr.org

**JANTA VIDYA MANDIR GANPAT RAI RASIWASIA COLLEGE**

(Affiliated to Ch.Bansi Lal University, Bhiwani)
(NAAC Accredited B Grade with 2.78 CGPA)
Ram Krishan Gupta Marg, CHARKHI DADRI (Haryana)





Phone: 01250-220076
Email: jvmgrrcollege@rediffmail.com
Website: jvmgrr.org

**JANTA VIDYA MANDIR GANPAT RAI RASIWASIA COLLEGE**

(Affiliated to Ch.Bansi Lal University, Bhiwani)
(NAAC Accredited B Grade with 2.78 CGPA)
Ram Krishan Gupta Marg, CHARKHI DADRI (Haryana)






Phone: 01250-220076
Email: jvmgrrcollege@rediffmail.com
Website: jvmgrr.org

**JANTA VIDYA MANDIR GANPAT RAI RASIWASIA COLLEGE**

(Affiliated to Ch.Bansi Lal University, Bhiwani)
(NAAC Accredited B Grade with 2.78 CGPA)
Ram Krishan Gupta Marg, CHARKHI DADRI (Haryana)





Phone: 01250-220076
Email: jvmgrrcollege@rediffmail.com
Website: jvmgrr.org

**JANTA VIDYA MANDIR GANPAT RAI RASIWASIA COLLEGE**

(Affiliated to Ch.Bansi Lal University, Bhiwani)
(NAAC Accredited B Grade with 2.78 CGPA)
Ram Krishan Gupta Marg, CHARKHI DADRI (Haryana)





Phone: 01250-220076
Email: jvmgrrcollege@rediffmail.com
Website: jvmgrr.org

**JANTA VIDYA MANDIR GANPAT RAI RASIWASIA COLLEGE**

(Affiliated to Ch.Bansi Lal University, Bhiwani)
(NAAC Accredited B Grade with 2.78 CGPA)
Ram Krishan Gupta Marg, CHARKHI DADRI (Haryana)





Phone: 01250-220076
Email: jvmgrrcollege@rediffmail.com
Website: jvmgrr.org

**JANTA VIDYA MANDIR GANPAT RAI RASIWASIA COLLEGE**

(Affiliated to Ch.Bansi Lal University, Bhiwani)
(NAAC Accredited B Grade with 2.78 CGPA)
Ram Krishan Gupta Marg, CHARKHI DADRI (Haryana)






अभी कदम उठाएं
बचाओ
आइए इसे
संभव बनाएं
savesoil.org


हस्ताक्षर

Phone: 01250-220076
Email: jvmgrrcollege@rediffmail.com
Website: jvmgrr.org

# JANTA VIDYA MANDIR GANPAT RAI RASIWASIA COLLEGE

(Affiliated to Ch.Bansi Lal University, Bhiwani)
(NAAC Accredited B Grade with 2.78 CGPA)
Ram Krishan Gupta Marg, CHARKHI DADRI (Haryana)





Phone: 01250-220076
Email: jvmgrrcollege@rediffmail.com
Website: jvmgrr.org

**JANTA VIDYA MANDIR GANPAT RAI RASIWASIA COLLEGE**

(Affiliated to Ch.Bansi Lal University, Bhiwani)
(NAAC Accredited B Grade with 2.78 CGPA)
Ram Krishan Gupta Marg, CHARKHI DADRI (Haryana)






Phone: 01250-220076
Email: jvmgrrcollege@rediffmail.com
Website: jvmgrr.org

**JANTA VIDYA MANDIR GANPAT RAI RASIWASIA COLLEGE**
(Affiliated to Ch.Bansi Lal University, Bhiwani)
(NAAC Accredited B Grade with 2.78 CGPA)
Ram Krishan Gupta Marg, CHARKHI DADRI (Haryana)

## 7.1.11 - Institution celebrates / organizes national and international commemorative days, events and festivals

# भाषण प्रतियोगिता से महाराणा प्रताप के शौर्य का किया बखान

जागरण संवाददाता, चरखी दादरी : दादरी के जनता पीजी कालेज में इतिहास विभाग एवं विवेकानंद विचार मंच के संयुक्त तत्वाधान में महाराणा प्रताप जयंती के उपलक्ष्य में भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। महाविद्यालय के प्राचार्य डा. यशवीर सिंह ने विद्यार्थियों का मार्गदर्शन करते हुए बताया कि महाराणा प्रताप का जीवन दर्शन आज के युवा वर्ग के जीवन में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है।

उन्होंने महाराणा प्रताप के जीवन से संबंधित कुछ प्रसंग विद्यार्थियों के सामने प्रस्तुत किए। उन्होंने कहा कि महाराणा प्रताप के स्वदेश प्रेम, राष्ट्र भक्ति, स्वाभिमान और शौर्य की गाथा से हर भारतीय को प्रेरणा लेनी चाहिए। कार्यक्रम की अध्यक्षता इतिहास विभाग के प्रमुख प्रो. सुरेंद्र सिंह ने की। मंच संचालन इतिहास विभाग से प्रो. तरसेम भारद्वाज ने



जनता पीजी कालेज में आयोजित कार्यक्रम में अपने विचार रखते प्राचार्य यशवीर सिंह। • विज्ञप्ति

किया। प्रतियोगिता में बीए द्वितीय वर्ष की छात्रा नैनसी ने प्रथम, बीए प्रथम वर्ष की छात्रा शिवानी ने द्वितीय तथा बीए तृतीय वर्ष के छात्र नौरंग ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम के सफल संचालन में प्रो. पुष्पेंद्र, प्रो. आनंद के अलावा अंकुर, रोहित, ऋतिक, कृष्ण फौगाट इत्यादि का सहयोग रहा।

National Level Essay Writing Competition
On
"Relevance of Gandhism Today"

Last Date for Submission
2nd October, 2021

Prize & Certificate will be given to top three Participants.

Declaration of Result: 10th October, 2021

**General Guidelines:**
1. The essay should be in Hindi or English Language.
2. The contribution should be original. Plagiarism is not allowed.
3. The length of essay should be approx. around 1000 words.
4. The joint authorship of essay should not be allowed.
5. The competition is open for all UG & PG regular students.
6. Participants will be judged on their content, clarity, structure and overall impression.
7. Essay should be sent with details (Name, Father's name, class, roll no., college name, phone no. and email address) in PDF form at the given email address up to last date.

E-mail: psnationalseminar2019@gmail.com

**Organising Committee:**
**Coordinator:**
Dr. Suresh Kumar, Head, Dept. of Political Science
**Convener:**
Sh. Surender Singh, Assistant Professor, Dept. of Pol. Science
**Co- convener:**
Mrs. Parmila, Assistant Professor, Dept. of Pol. Science
Mrs. Pushpa, Assistant Professor, Dept. of Pol. Science
**Organising Secretary:**
Dr. Meenakshi Bansal, Assistant Professor, Dept. of Pol. Science

Note: Only one entry is allowed from each college/ institution.

For any query please contact Dr. Suresh Kumar 9416980215(M)

Organised By:
P.G. DEPARTMENT OF POLITICAL SCIENCE
& CAREER GUIDANCE & PLACEMENT CELL

Phone: 01250-220076
Email: jvmgrrcollege@rediffmail.com
Website: jvmgrr.org

**JANTA VIDYA MANDIR GANPAT RAI RASIWASIA COLLEGE**

(Affiliated to Ch.Bansi Lal University, Bhiwani)
(NAAC Accredited B Grade with 2.78 CGPA)
Ram Krishan Gupta Marg, CHARKHI DADRI (Haryana)

# नेताजी सुभाष चंद्र बोस बने युवाओं के प्रेरणास्त्रोत

जागरण संवाददाता, चरखी दादरी : दादरी के जनता पीजी कालेज के इतिहास विभाग द्वारा नेताजी सुभाष चंद्र बोस की 125वीं जयंती के उपलक्ष्य में वेबीनार का आयोजन किया गया। विभाग के कार्यकारी अध्यक्ष प्रो. सुरेंद्र सिंह, भारतीय इतिहास अनुसंधान परिषद के शोध निदेशक डा. राजेश कुमार ने बतौर मुख्य वक्ता विद्यार्थियों का मार्गदर्शन किया। डा. राजेश कुमार ने अपने संबोधन में नेताजी के व्यक्तित्व व कृतित्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि नेताजी ऐसे व्यक्तित्व के धनी थे जिन्होंने आइसीएस से त्यागपत्र देकर पूर्ण निष्ठा के साथ राष्ट्र हित के लिए कार्य किया। उनके द्वारा दिया हुआ नारा तुम मुझे खून दो, मैं तुम्हें आजादी दूंगा तथा जय हिंद देश के युवा क्रांतिकारियों का प्रेरणा स्त्रोत बन गया। उसी प्रेरणा ने अंततः अंग्रेजों को भारत छोड़ने पर विवश कर दिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए जनता पीजी कालेज के प्राचार्य डा. यशवीर सिंह ने नेताजी ने कांग्रेस के अध्यक्ष एवं निष्ठावान कार्यकर्ता के रूप में कार्य करते हुए नजरबंदी के दौरान अंग्रेजों की आंखों में धूल झोंक कर आजाद हिंद फौज की स्थापना करने तक के सफर की चर्चा की। उन्होंने कहा कि युवाओं को सुभाष चंद्र बोस के सपनों के भारत का निर्माण करने के लिए प्रयत्न करना चाहिए। प्रो. तरसेम शर्मा ने कहा कि भारत को अग्रणी बनाने के लिए नेताजी के आदर्शों पर चलना बहुत जरूरी है। प्राचार्य डा. यशवीर सिंह ने भारतीय इतिहास अनुसंधान परिषद के शोध निदेशक डा. राजेश कुमार का आभार जताया।

# जनता कालेज में मनाया समरसता दिवस

जागरण संवाददाता, चरखी दादरी : राष्ट्रीय कला मंच, चरखी दादरी इकाई द्वारा सोमवार को जनता महाविद्यालय के सेमिनार हाल में समरसता दिवस के उपलक्ष्य में विचार संगोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में वरिष्ठ साहित्यकार गिरीश चंद्र उपाध्याय ने शिरकत की। मंच संचालक राष्ट्रीय कला मंच के जिला संयोजक साहिल नवांकुर ने किया। डा. भीमराव आंबेडकर की पुण्यतिथि के रूप में समरसता दिवस मनाया गया था। इस अवसर पर वरिष्ठ साहित्यकार गिरीश चंद्र उपाध्याय ने छात्र-छात्राओं को बाबा साहेब के आदर्शों और उनके विचारों को अपने जीवन में अपनाने के लिए प्रेरित किया। मुख्य वक्ता की भूमिका हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय से अंग्रेजी विभाग के प्राध्यापक सुदीप ने निभाई। कार्यक्रम के सफल संचालन में महाविद्यालय के अंग्रेजी प्राध्यापक रोशन लाल, राजनीतिक विज्ञान प्राध्यापक डा. सुरेंद्र, राजनीति विज्ञान प्राध्यापक डा. सुरेश, हिंदी प्राध्यापक डा. राजेंद्र का महत्वपूर्ण योगदान रहा। कार्यक्रम में परविंद्र, पवन, पुनित, दीपक इत्यादि विद्यार्थी उपस्थित रहे।

Phone: 01250-220076
Email: jvmgrrcollege@rediffmail.com
Website: jvmgrr.org

**JANTA VIDYA MANDIR GANPAT RAI RASIWASIA COLLEGE**

(Affiliated to Ch.Bansi Lal University, Bhiwani)
(NAAC Accredited B Grade with 2.78 CGPA)
Ram Krishan Gupta Marg, CHARKHI DADRI (Haryana)

(5.3.1)

VIDYA MANDIR GANPAT RAI RASIWASIA COLLEGE
(Affiliated to Chaudhary BansiLal University, Bhiwani)
(NAAC Accredited B" Grade)
Ram Krishan GuptaMarg ,CHARKHI DADRI, (Haryana)

(62)

Celebrates

## "AZADI KA AMRIT MAHOTSAV"

**Department of Political Science**

*Organizes*

## ...TIONAL LEVEL SLOGAN WRITING COMPETITION

**...al Instructions:**

- Mode of Competition is Online for UG/PGstudents.
- Onlyindividualparticipationisallowed.
- Oneentrypermissibleforonestudent.
- The date to receive entries: 2nd October,2021 between 9:00 am to 05:00pm.
- Declaration of Result: 10th October, 2021
- WinnerswillbeintimatedEmail.
- Prizes & certificates will be given to top three winners only.

**Topic:** Patriotism/ देश-भक्ति

**Rules:**

- Slogan should not exceed 15 words.
- Medium should be English/Hindi only
- It must be original and not copied from any wher-
- Participants should refrain from using derogatorylanguage
- Judgment will be on the basis of content
- Decision of the Judges will be final and abiding to all.

Foranyquery,pleasecontact:Dr. Suresh Kumar 9416980215

Please submityour entriesin PDFformatat E-mail: psnationalseminar2019@gmail.com

**Organising Committee:**
**Coordinator:**
Dr. Suresh Kumar, Head, Dept. of Political Science
**Convener:**
Sh. Surender Singh, Assistant Professor, Dept. of Pol. Science
**Co- convener:**
Mrs. Parmila, Assistant Professor, Dept. of Pol. Science
Mrs. Pushpa, Assistant Professor, Dept. of Pol. Science
**Organising Secretary:**
Dr. Meenakshi Bansal, Assistant Professor, Dept. of Pol. Science

## राष्ट्रीय युवा दिवस' के अवसर पर पोस्टर मेकिंग, मॉडल मेकिंग एवं भाषण सहित अनेकों कार्यक्रम आयोजित



Phone: 01250-220076
Email: jvmgrrcollege@rediffmail.com
Website: jvmgrr.org

**JANTA VIDYA MANDIR GANPAT RAI RASIWASIA COLLEGE**

(Affiliated to Ch.Bansi Lal University, Bhiwani)
(NAAC Accredited B Grade with 2.78 CGPA)
Ram Krishan Gupta Marg, CHARKHI DADRI (Haryana)

## जनता कॉलेज में मनाया गया झंडा दिवस



चरखी दादरी। स्थानीय जनता महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाइयों के संयुक्त तत्वावधान में झंडा दिवस मनाया गया। राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी प्रो. रोशन लाल ने बताया कि राष्ट्रीय सांप्रदायिक सद्भाव प्रतिष्ठान गृह मंत्रालय के अधीन है। यह भारत सरकार का स्वायत्त निकाय है। इसके तहत राष्ट्रीय स्तर पर राष्ट्रीय सांप्रदायिक सद्भाव सप्ताह मनाया जाता है। इसी कार्यक्रम के अंतर्गत सप्ताह का अंतिम दिन झंडा दिवस के रुप में मनाया गया। यह संस्थान दान से प्राप्त आय से अपनी गतिविधियों का संचालन करता है। प्राचार्य डॉ. यशवीर सिंह ने आपसी सद्भावना पर बल दिया। संवाद



Phone: 01250-220076
Email: jvmgrrcollege@rediffmail.com
Website: jvmgrr.org

**JANTA VIDYA MANDIR GANPAT RAI RASIWASIA COLLEGE**

(Affiliated to Ch.Bansi Lal University, Bhiwani)
(NAAC Accredited B Grade with 2.78 CGPA)
Ram Krishan Gupta Marg, CHARKHI DADRI (Haryana)

# विद्यार्थियों को तंबाकू सेवन न करने की शपथ दिलाई

## तंबाकू के सेवन से विश्व में हर वर्ष 80 लाख से ज्यादा लोग जान गंवाते हैं

संवाद न्यूज एजेंसी

चरखी दादरी। जनता महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाइयों के संयुक्त तत्वावधान में विश्व तंबाकू निषेध दिवस मनाया गया।

राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी डॉ. रोशनलाल ने बताया कि विश्व तंबाकू निषेध दिवस पर विद्यार्थियों को शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. रोशन लाल व प्रोफेसर सुरेंद्र सिंह के नेतृत्व में स्वयंसेवकों ने तंबाकू और तंबाकू से बने उत्पादों का सेवन नहीं करने की शपथ ली। प्राचार्य डॉ. यशवीर सिंह ने कहा कि तंबाकू का सेवन स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है। इससे हमारे शरीर को काफी नुकसान पहुंचता है।

उन्होंने बताया कि विश्व स्वास्थ्य संगठन की रिपोर्ट के अनुसार तंबाकू के सेवन से प्रतिवर्ष विश्व में 80 लाख से ज्यादा लोगों की जान चली जाती है। किसी भी प्रकार के तंबाकू व तंबाकू से बने उत्पादों का सेवन करने से सांस लेने में कठिनाई होती है। फेफड़ों की क्षमता कम हो जाती है। कार्यक्रम को सफल बनाने में स्वयंसेवक नवरंग सैनी, विक्रम, उर्विशा, मनीष, विभा, ज्योति, सलोनी, नेहा, लीना, खुशी, हेमा आदि की विशेष भूमिका रही।



जनता कॉलेज में आयोजित कार्यक्रम में शपथ लेते विद्यार्थी। संवाद

# ग्रामीणों को नशामुक्ति की शपथ दिलाई

संवाद न्यूज एजेंसी

चरखी दादरी। जीवन की विभिन्न परिस्थितियों से ऊपर उठने के लिए आज का मानव व्यसनों का इतना आदी हो चुका है कि उसे अपने परिवार की भी कोई चिंता है। नए-नए ढंग के नशे करके अपने आपको मौत के मुंह में ले जा रहा है।

उक्त उद्गार प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के चरखी दादरी सेवा केंद्र द्वारा गांव माजरा में तंबाकू निषेध दिवस के उपलक्ष्य में लगाई गई व्यसन मुक्त प्रदर्शनी के दौरान प्रेमलता ने व्यक्त किए। चरखी दादरी जिला प्रभारी प्रेमलता ने व्यसनों से होने वाले दुष्प्रभावों के बारे में ग्रामीणों को जानकारी देते हुए कहा कि अगर हम अपने मानसिक संतुलन को छोटी-छोटी बातों में खो देते है और व्यसनों का सहारा लेने लगते है तो समझो बर्बादी की राह पर चल पड़े है। हमें प्रतिदिन राजयोग का अभ्यास व श्रेष्ठ चिंतन करने की आवश्यकता है। इस अवसर पर ब्रह्माकुमारी प्रियंका, शकुंतला, सतपाल आदि मौजूद रहे।

# संविधान निर्माताओं के सपनों के भारत को साकार करना है : डॉ. यशवीर



जनता कॉलेज में विद्यार्थियों को शपथ दिलाते कॉलेज स्टाफ के सदस्य। संवाद

चरखी दादरी। जनता महाविद्यालय में हरियाणा उच्चतर शिक्षा निदेशालय के निर्देशानुसार कानूनी साक्षरता प्रकोष्ठ एवं राष्ट्रीय सेवा योजना इकाइयों के संयुक्त तत्वावधान में संविधान दिवस मनाया।

प्राचार्य डॉ. यशवीर सिंह ने कहा कि विद्यार्थियों को संविधान के आदर्शों व उद्देश्यों को मध्य नजर रखते हुए संविधान निर्माताओं के सपनों के भारत को साकार करना है। उन्होंने बताया कि संविधान की सार्थकता तभी संभव हो सकती है जब युवा अधिक से अधिक इस प्रकार की गतिविधियों में शामिल होकर कानूनी विषयों को बारिकी से समझ कर समाज का मार्गदर्शन करें ताकि नागरिकों में राष्ट्र और समाज के प्रति दायित्व की पूर्ति आसानी से हो सके। संविधान की अनुपालना करना प्रत्येक भारतवासी का कर्तव्य है। इसलिए हमें कानूनी विषयों को समझ कर अपने आचरण को अनुशासित बनाना है। कार्यक्रम के समन्वयक प्रो. सुरेंद्र सिंह ने विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि वैधानिक जागरूकता प्रत्येक युवा के लिए अति आवश्यक है। इस अवसर पर प्रस्तावना वाचन किया गया तथा विद्यार्थियों ने संविधान अनुरूप कार्य करने की शपथ ली।

राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी प्रो. रोशनलाल ने कहा कि प्रत्येक नागरिक को अधिकारों के साथ-साथ कर्तव्य पालन पर भी बल देना चाहिए। कार्यक्रम में प्रो. गरिमा श्योराण, प्रो. हेमलता, प्रो. सोनू के अलावा स्वयंसेवक मोहित, दीपक कुमार, हिमांशु, रविकांत, राहुल, लक्ष्मी, सविता, व पुनीत की सराहनीय भूमिका रही। संवाद

Phone: 01250-220076
Email: jvmgrrcollege@rediffmail.com
Website: jvmgrr.org

# JANTA VIDYA MANDIR GANPAT RAI RASIWASIA COLLEGE

(Affiliated to Ch.Bansi Lal University, Bhiwani)
(NAAC Accredited B Grade with 2.78 CGPA)
Ram Krishan Gupta Marg, CHARKHI DADRI (Haryana)

## जनता पीजी कालेज में पौधारोपण कर मनाया अंतरराष्ट्रीय वन दिवस



जनता पीजी कालेज में वन दिवस पर पौधारोपण करते प्रोफेसर, विद्यार्थी। • विज्ञप्ति

जागरण संवाददाता, चरखी दादरी : दादरी शहर के जनता पीजी कालेज में पौधा लगाकर अंतरराष्ट्रीय वन दिवस मनाया गया। इस दौरान शिक्षकों व विद्यार्थियों ने पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। पौधारोपण अभियान का नेतृत्व प्राचार्य यशवीर सिंह ने किया। उन्होंने कहा कि मानव जीवन के लिए पेड़ों का बहुत महत्व है। इसलिए सभी को ज्यादा से ज्यादा पौधे लगाने चाहिए। अभियान आयोजक प्रो. हेमलता ने कहा कि प्रत्येक वर्ष 21 मार्च को अंतरराष्ट्रीय वन दिवस के रूप में मनाया जाता है। पृथ्वी पर संतुलन बनाए रखने के लिए हमें जल, जंगल और जमीन को बचाना होगा। यदि हम प्रकृति की रक्षा करेंगे तो प्रकृति भी हमारी रक्षा करेगी। वनों के बिना मानव जीवन ही नहीं बल्कि पशु, पक्षियों के जीवन की भी कल्पना नहीं की जा सकती। इसलिए वनों का संरक्षण बहुत जरूरी है।

## विश्व में 34.2 लाख लोग एड्स से पीड़ित जागरूकता से ही बचाव संभव : डॉ. सुनैना



डिप्टी सिविल सर्जन डॉ. सुनैना ग्रोवर को स्मृति चिह्न भेंट करते कॉलेज स्टाफ सदस्य।

**संवाद न्यूज एजेंसी**

चरखी दादरी। जनता महाविद्यालय में रेड रिबन क्लब और राष्ट्रीय सेवा योजना इकाइयों के संयुक्त तत्वावधान में विश्व एड्स जागरूकता दिवस मनाया गया।


रेड रिबन क्लब के काउंसलर एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी प्रो. रोशनलाल ने विश्व एड्स दिवस के रूप में विस्तार से जानकारी दी। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में डिप्टी सिविल सर्जन डॉ. सुनैना ग्रोवर ने शिरकत की। डॉ. सुनैना ने विद्यार्थियों को रोग के कारण, लक्षण एवं निदान के लिए अपनाई जाने वाली विधियों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि विश्व में एड्स की बीमारी से 34.2 लाख लोग पीड़ित है। हरियाणा में इस बीमारी का पहला केस 1989 में रोहतक में आया था।

वर्तमान में हरियाणा में भी 28 हजार लोग इस रोग से पीड़ित है। उन्होंने बताया कि एड्स असुरक्षित यौन संपर्क, संक्रमित सिरीज के पुनः प्रयोग करने से, संक्रमित रक्त चढ़ाने और संक्रमित मां से बच्चे में फैलता है। उन्होंने कहा कि साथ खाना खाने, हाथ मिलाने, गले मिलने, खांसने छींकने, हवा से, मच्छरों के काटने से यह रोग नहीं फैलता। इस दौरान प्रो. सुरें सिंह, डॉ. राजेंद्र सिंह, प्रो. गरिमा श्योराण प्रो. हेमलता, स्वयंसेवक रविकांत, हिमांश राहुल, लक्ष्मी व पंकज आदि की सराहनी भूमिका रही।

Phone: 01250-220076
Email: jvmgrrcollege@rediffmail.com
Website: jvmgrr.org

# JANTA VIDYA MANDIR GANPAT RAI RASIWASIA COLLEGE

(Affiliated to Ch.Bansi Lal University, Bhiwani)
(NAAC Accredited B Grade with 2.78 CGPA)
Ram Krishan Gupta Marg, CHARKHI DADRI (Haryana)






**चरखी दादरी।** राष्ट्रीय कला मंच इकाई द्वारा सोमवार को जनता महाविद्यालय के सेमिनार हॉल में समरसता दिवस के उपलक्ष्य में विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी में मुख्य अतिथि के रूप में वरिष्ठ साहित्यकार गिरीश चंद्र उपाध्याय रहे। मंच संचालक के रूप में राष्ट्रीय कला मंच के जिला संयोजक साहिल नवांकुर रहे। उन्होंने बताया कि 6 दिसंबर को बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर की पुण्यतिथि के रूप में समरसता दिवस मनाया जाता है। गिरीश चंद्र उपाध्याय महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं को बाबा साहेब अंबेडकर के आदर्शों और उनके विचारों के बारे में बताते हुए उन्हें अपने जीवन में अपनाने के लिए कहा। कार्यक्रम अध्यक्ष की भूमिका में रहे प्राचार्य डॉ. यशवीर सिंह ने बाबा साहेब अंबेडकर की पढाई का जिक्र करते हुए बताया कि उस समय बाबा साहेब जितना पढ़ा लिखा कोई नहीं था। इसलिए उनकी शिक्षा को देखते हुए उन्हें संविधान बनाने का सौभाग्य प्राप्त हुआ और छात्र-छात्राओं को ऐसे काफी महान व्यक्तियों की जीवनी महाविद्यालय के पुस्तकालय में उपलब्ध होने की जानकारी देते हुए उन्हें पढ़ने के लिए कहा। कार्यक्रम के सफल संचालन में महाविद्यालय के रोशन लाल, डॉ. सुरेंद्र, डॉ. सुरेश, डॉ. राजेंद्र का महत्वपूर्ण योगदान रहा। कार्यक्रम में परविंद्र, पवन, पुनित, दीपक आदि विद्यार्थी उपस्थित रहे।

Phone: 01250-220076
Email: jvmgrrcollege@rediffmail.com
Website: jvmgrr.org

**JANTA VIDYA MANDIR GANPAT RAI RASIWASIA COLLEGE**

(Affiliated to Ch.Bansi Lal University, Bhiwani)
(NAAC Accredited B Grade with 2.78 CGPA)
Ram Krishan Gupta Marg, CHARKHI DADRI (Haryana)



चरखी दादरी। विश्व स्वास्थ्य दिवस पर जेवीएमजीआरआर कॉले
जागरूकता शिविर आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि
सीएमओ डॉ. अंकुर नागर ने भाग लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ डॉ
मंजू ने किया। मेडिकल लैब टेक्नोलॉजी के विद्यार्थियों द्वारा एचअ
ब्लड शुगर, टीएसएच और टीबी की टेस्टिंग की गई। डॉ. बबीता,
... डॉ. संजय और डॉ. दलबीर सिंह ने टीबी, एनीमिया और

# प्लास्टिक मुक्त भारत अभियान को ग्रामीण क्षेत्रों तक ले जाने की जरूरत : वजीर दांगी

## जनता महाविद्यालय में विश्व पेपर बैग दिवस पर आयोजित किया खुला मंच

संवाद न्यूज एजेंसी

चरखी दादरी। जनता महाविद्यालय के वाणिज्य विभाग में स्थापित 'हॉबी क्लब' के तत्वावधान में व प्रयास रूरल वेलफेयर सोसायटी के सहयोग से 'विश्व पेपर बैग दिवस' के अवसर पर खुला मंच आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य संयोजक वाणिज्य विभाग के अध्यक्ष डॉ. एमके जैन ने बताया कि कार्यक्रम में बाल कल्याण अधिकारी वजीर सिंह दांगी ने प्लास्टिक मुक्त भारत अभियान को ग्रामीण क्षेत्रों तक ले जाने की आवश्यकता पर बल दिया।

बाल कल्याण परिषद से सुबे सिंह ने कहा कि पॉलीथिन मुक्त भारत

**महिलाओं को चाहिए कि वे बाजार जाते समय कपड़े का थैला अवश्य लेकर जाएं**

**पॉलिथीन के बढ़ते प्रयोग की गति को करना होगा धीमा**

जागरूकता के लिए शैक्षणिक संस्थानों की अहम भूमिका है। उन्होंने कहा कि महिलाओं को चाहिए कि वे बाजार जाते समय कपड़े का थैला अवश्य साथ लेकर जाएं ताकि पॉलिथीन के बढ़ते प्रयोग की गति को धीमा किया जा सके। प्रयास सोसायटी से सुमित सुहाग ने कहा कि यदि पॉलीथिन के प्रयोग पर एक रोक नहीं लगाई तो आने वाली पीढ़ियों को निश्चित ही इसके दुष्परिणाम भुगतने होंगे। छात्र सुमित, कश्मीर, योगेश, भूषण, सुधीर, वंशिका, आकांशा, योगिता, शिव ने भी प्लास्टिक की हानियों पर अपने विचार साझा किए।

मुख्य वक्ता के रूप में बोलते हुए डॉ. एमके जैन ने कहा कि कॉलेज विद्यार्थियों के पाठ्यक्रमों में पर्यावरण, स्वच्छता, स्वास्थ्य, योग आदि विषयों को शामिल करके बंसीलाल विश्वविद्यालय ने अच्छी पहल की है। इस अवसर पर कॉलेज प्रबंध समिति के अध्यक्ष पवन कुमार गुप्ता, महासचिव राधेश्याम ऐरन और प्राचार्य डॉ. यशवीर सिंह ने कार्यक्रम की सफलता के लिए वाणिज्य विभाग को बधाई दी।